माघ शुक्ल - 10 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 11 ■ अंक - 204 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 19-02-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 टेस्ट क्रिकेट मुश्किल है लेकिन मैं इसे यादगार बनने के लिए तैयार हूं : जायसवाल

6 धुआं तभी उठता है जब चिंगारी लगी हो !

7 अमेरिका में टाइस स्वायर पर नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा






## फर्स्ट टेक

### रूस ने यूक्रेन के शहर अवदिवका पर किया कब्जा

**कीव/एपी।** रूसी बलों ने यूक्रेन के अवदिवका शहर को अपने कब्जे में ले लिया है। रूस के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने बताया कि रूसी बल अवदिवका कोक एवं रसायन संयंत्र पर पूर्ण नियंत्रण के काफी करीब हैं। सोशल मीडिया पर शनिवार को प्रसारित वीडियो में सैनिक संयंत्र की एक इमारत पर रूसी झंडा फहराते हुए दिखाई दिए। यूक्रेन के सैन्य प्रमुख ने कहा था कि उन्होंने पूर्वी यूक्रेन में स्थित अवदिवका शहर से सैनिक वापस बुला लिए हैं। जहां बड़ी संख्या में सैनिकों ने पिछले चार महीनों में रूसी हमले का माकूल जवाब दिया।

### कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोप में अब तक 244 लोग पकड़े गए

**लखनऊ (उप्र)/भाषा।** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का इस्तेमाल करने या ऐसा करने की योजना बनाने के आरोप में 15 फरवरी से अब तक कुल 244 लोगों को गिरफ्तार किया गया अथवा हिरासत में लिया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, पुलिस ने ये कार्रवाई 15 से 18 फरवरी की शाम छह बजे तक की है। बयान में कहा गया है कि ये कार्रवाई पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की इकाइयों द्वारा स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से की गईं।

### रूस में एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोग हिरासत में

**मॉस्को/एपी।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 19-02-2024 6:15 बजे | सूर्योदय 20-02-2024 6:29 बजे |
| BSE 72,426.64 (+376.26) | NSE 22,040.70 (+129.95) |
| सोना 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 76,000 रु. प्रति किलो |



## किसान नेता डल्लेवाल की सरकार से अपील

# टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र, किसानों की मांगें माने

**चंडीगढ़/भाषा।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल–मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए। लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों पर तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच शाम को बैठक होनी है।

यह बैठक ऐसे वक्त में होनी है, जब हजारों किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को भी बातचीत हुई थी, जो बेनतीजा रही। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा, हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल–मटोल की नीति न अपनाए।

# हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य, कांग्रेस से देश को बचाना : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन 2024

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नये मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के हमारे संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है।

मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन 2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि यह कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की नई नई साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आये करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा, आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है। हमें हर किसी का विश्वास हासिल करने की जरूरत है। लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की बात की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया, पिछले 10 वर्षों में, भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है और महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने का साहस हासिल किया है। भारत आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है, हर नागरिक को दृढ़ संकल्प की भावना से जोड़ा है। और ये संकल्प है– विकसित भारत। हमें भारत को विकसित बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। अगले 5 वर्षों में भारत को पहले से कहीं अधिक तेज गति से काम करना होगा।

# पाकिस्तान में चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर पुलिस और इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची/भाषा।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई।



'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया।

'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की।

कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में खामियों को सुधारने की मांग की।

# आचार्यश्री विद्यासागर पंचतत्व में हुए विलीन



**रायपुर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में डोगरगढ़ के चंदगिरी में बीती रात्रि शरीर त्याग दिया और ब्रम्हलीन हो गए। उनके अंतिम दर्शनों के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु चंद्रगिरि तीर्थ पहुंचे और आचार्यश्री के अमर जयघोषों के साथ जैन मुनि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की अंतिम शोभायात्रा निकाली। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में हुआ। आचार्यश्री का जन्म 1946 में कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ था।

# चंडीगढ़ के महापौर का इस्तीफा, आप के तीन पार्षद भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मनोज सोनकर ने चंडीगढ़ के महापौर पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया, और आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद भाजपा में शामिल हो गए हैं। यह घटनाक्रम महापौर पद के लिए हालिया चुनावों में धांधली के आरोपों को लेकर उच्चतम न्यायालय में होने वाली सुनवाई से एक दिन पहले हुआ।

भाजपा की चंडीगढ़ इकाई के प्रमुख जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि सोनकर ने निगम आयुक्त को अपना इस्तीफा सौंपा है। मल्होत्रा ने कहा कि कांग्रेस और आप के बीच कोई गठबंधन नहीं है और वे केवल जनता को बेवकूफ बना रहे हैं।



उन्होंने 'पीटीआई–भाषा' से कहा, ''उन्हें जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा।'' इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण सूद ने कहा कि 'आप' के तीन पार्षद उनकी पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए हैं।

भाजपा ने 30 जनवरी को महापौर पद के लिए हुए चुनाव में जीत हासिल की थी जिससे आप और कांग्रेस के गठबंधन को झटका लगा था तथा उसने निर्वाचन अधिकारी पर मत पत्रों में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था।

सोनकर ने महापौर पद के लिए हुए चुनाव में 'आप' के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को 16, जबकि कुमार को 12 वोट मिले थे तथा आठ वोट अवैध घोषित किए गए थे। कुमार ने बाद में उच्चतम न्यायालय का रुख किया था।

शीर्ष अदालत ने पांच फरवरी को महापौर चुनाव कराने वाले निर्वाचन अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा था कि यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों में छेड़छाड़ की थी और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा था कि अधिकारी का कृत्य लोकतंत्र की ''हत्या और मजाक है।

अदालत ने मत पत्रों और मतदान की कार्यवाही के वीडियो को सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया था तथा 19 फरवरी को मामले की अगली सुनवाई के दिन निर्वाचन अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा था।

# स्टालिन ने मछुआरों की गिरफ्तारी पर जताई चिंता, केंद्र से हस्तक्षेप करने का किया आग्रह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिए जाने की लगातार हो रही घटनाओं पर रविवार को चिंता जताई, और केंद्र से मछुआरों के हितों की रक्षा के लिए निर्णायक फैसला करने का आग्रह किया।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक खबर 'टैग' की, जो तमिलनाडु के कुछ मछुआरों को श्रीलंका में कैद किये जाने के खिलाफ रामेश्वर में हुए प्रदर्शन के बारे में थी। उन्होंने कहा, ''श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों को पकड़ने की लगातार हो रही घटनाएं बेहद चिंताजनक है।''

स्टालिन ने कहा, ''पिछले दो महीनों में गिरफ्तारियों में तेजी से वृद्धि हुई है और 69 मछुआरों को पकड़ा गया है। इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि तीन मछुआरों को आदतन अपराधी के रूप में चिह्नित किया गया, जिसके कारण उन्हें लंबे समय तक हिरासत में रखा गया।''

# भारत को धार्मिक राष्ट्र बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं : विजयन

**मलप्पुरम (केरल)/भाषा।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने भारत को एक धार्मिक राष्ट्र में बदलने के कथित प्रयासों पर रविवार को चिंता व्यक्त की और केंद्र में सत्ता में बैठे लोगों पर धार्मिक संस्थानों और सरकार के बीच की रेखाओं को धुंधला करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।



विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र किए बिना कहा कि आजकल संवैधानिक पदों पर बैठे लोग धार्मिक समारोहों में पुजारी बन रहे हैं। उन्होंने हाल में अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें मोदी 'यजमान' थे। विजयन ने मलप्पुरम के करीपुर में 10वें मुजाहिद राज्य सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान कहा, ''भारत को एक धार्मिक राष्ट्र में बदलने का प्रयास किया जा रहा है... यह बहुत चिंताजनक है।'' उन्होंने ''यहां तक कि केरल के भी'' कुछ नेताओं के इस तरह की घटनाओं को उचित ठहराने के प्रयासों को ''शोचनीय'' करार दिया।

# उदयनिधि स्टालिन ने करुणानिधि के नाम पर 'स्पोर्ट्स किट' वितरित करने की योजना शुरू की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मदुरै (तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने राज्य की 12,000 से अधिक ग्राम पंचायतों में युवाओं को 'स्पोर्ट्स किट' मुहैया करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि के नाम पर रविवार को यहां एक योजना शुरू की।

योजना का नाम उदयनिधि के दिवंगत दादा एम करुणानिधि के नाम पर 'कलैगनार स्पोर्ट्स किट' रखा गया है। यह योजना करुणानिधि की जन्मशती के उपलक्ष्य में शुरू की गई है।


करुणानिधि को उनकी बहुमुखी प्रतिभाओं की वजह से उन्हें 'कलैगनार' कहा जाता है।

योजना के अनुसार, गांवों में युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, सिलंबम और शतरंज सहित विभिन्न खेलों के लिए 'स्पोर्ट्स किट' दिए जाएंगे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 86 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कार्यान्वित की जा रही इस पहल के तहत कुल 12,620 ग्राम पंचायतें शामिल की जाएंगी।

# बेंगलूरु में भीड़ कम करने के लिए मेट्रो लाइनों पर फ्लाईओवर बनाए जाएंगे : डीके शिवकुमार

**बेंगलूरु।** उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि सरकार बेंगलूरु शहर में भीड़भाड़ कम करने के लिए मेट्रो लाइनों के कुछ हिस्सों पर फ्लाईओवर बनाने पर विचार कर रही है। यहां ज्ञानभारती में जन शिकायत निवारण 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, 'यातायात को



कम करने के लिए मेट्रो लाइनों के कुछ हिस्सों पर फ्लाईओवर बनाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में केंद्र को एक प्रस्ताव भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने बेंगलूरु को विकसित करने के लिए बजट में कई परियोजनाओं की घोषणा की। बीबीएमपी बजट जल्द ही पेश किया जाएगा और यह राज्य बजट में घोषित परियोजनाओं का पूरक होगा। हम यशवंतपुर, सुमनहल्ली, गोरागुंटेपल्या आदि के पास सुरंग सड़कों के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### नमन गुरुदेव

थे उच्च कोटि के साधक जो,
मनुजों में जो नर–नागर थे।
वाणी में था जिनके अमृत,
वे सच के सिद्ध उजागर थे।
जो सदा लबालब भरा रहे,
वे उस सागर की गागर थे।
विद्याएं जिनसे फलीभूत,
ऐसे गुरु विद्यासागर थे।।



# लाल किला फिर पर्यटकों के लिए खुला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** किसानों के मार्च के मद्देनजर सुरक्षा कारणों से करीब एक सप्ताह पहले पर्यटकों के लिए बंद किए गए ऐतिहासिक लाल किला परिसर को फिर से खोल दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुरानी दिल्ली में स्थित मुगल काल के इस विश्व धरोहर स्थल को ''सुरक्षा कारणों'' से सोमवार देर रात को ''अचानक सील'' कर दिया गया था। एएसआई के वरिष्ठ अधिकारी ने से कहा, इसे दो दिन पहले फिर से खोला गया। लाल किला सोमवार को पर्यटकों के लिए नियमित रूप से बंद रहता है, इसलिए उन्हें 19 फरवरी को परिसर में प्रवेश नहीं मिलेगा। किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती के बीच लाल किले को सुरक्षा कारणों से पर्यटकों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। सूत्रों ने कहा कि इस पर्यटन स्थल को फिर से खोलने के लिए आधिकारिक तौर पर कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। इसे पुलिस के निर्देशों के अनुसार बंद किया गया था और तदनुसार फिर से खोल दिया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा अपनी मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। किसान संगठन एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी और स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को दिल्ली के लिए मार्च शुरू किया था, लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें हरियाणा के साथ पंजाब की सीमा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर रोक दिया।

## आतंकी समूहों की मदद के लिए पीओके में दूरसंचार टावरों की संख्या बढ़ा रहा पाकिस्तानः अधिकारी


**जम्मू/भाषा।** आतंकवादियों और उनके सहयोगियों की घुसपैठ गतिविधियों में मदद करने के लिए हाल के दिनों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पास दूरसंचार टावरों की संख्या में वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने विशेष रूप से जम्मू क्षेत्र के दक्षिणी पीर पंजाल रेंज में घुसपैठ की कोशिशों और हाल के आतंकी हमलों के पैटर्न के अध्ययन के बाद कहा कि आतंकवादी समूह अत्यधिक 'एन्क्रिप्टेड वाईएसएमएस' सेवाओं का उपयोग कर रहे हैं। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें गुप्त संचार उद्देश्यों के लिए स्मार्ट फोन और रेडियो सेट का इस्तेमाल किया जाता है।

इस तकनीक के इस्तेमाल से पीओके में आतंकी संगठन का हैंडलर एलओसी पर इस्तेमाल होने वाले नेटवर्क के जरिए जम्मू में घुसपैठ करने वाले समूह से जुड़ा होता है। ऐसा सेना या बीएसएफ से बचने के लिए किया जाता है, जो पाकिस्तान से लगी सीमाओं की रक्षा करती है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सामाजिक न्याय स्थापित किया : उपराज्यपाल सिन्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आजादी के सात दशक से अधिक समय के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सामाजिक न्याय की स्थापना की है।

उपराज्यपाल ने कहा कि उनके प्रशासन का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि विकास समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे और अवसरों तक समान पहुंच के उपायों को और मजबूत किया जाए। उपराज्यपाल ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'अवाम की आवाज' में लोगों को संबोधित करते हुए 'आत्मनिर्भर' जम्मू-कश्मीर के निर्माण के लिए सामाजिक न्याय प्रदान करने के सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने लाभार्थियों और गुमनाम नायकों की प्रेरक कहानियां भी साझा कीं जो 'नया जम्मू कश्मीर' में परिवर्तन के प्रतीक बन गए हैं। उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा, भारत की आजादी के सात दशकों से अधिक समय के बाद, प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर में सामाजिक न्याय की स्थापना की, जिससे सभी को समान अवसर और संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित हुई तथा समाज के हाशिए पर रहने वाले वर्गों की भलाई एवं समृद्धि सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के दृष्टिकोण ने विकास संबंधी असंतुलन को दूर कर दिया है। सिन्हा ने कहा, कोई भी भविष्योन्मुखी समाज जन-केन्द्रित शासन के बिना प्रगति नहीं कर सकता। हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि विकास समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे तथा अवसरों तक समान पहुंच के उपायों को और मजबूत किया जाए।

# कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके समर्थक विधायक दिल्ली पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नुकुल नाथ के कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच उनके (कमलनाथ) समर्थक करीब आधा दर्जन विधायक रविवार को दिल्ली पहुंच गए। कमलनाथ के करीबी सूत्रों ने बताया कि यहां पहुंचे मध्य प्रदेश के विधायकों में तीन छिंदवाड़ा से हैं जबकि क्षेत्र के अन्य तीन विधायक दिल्ली के लिए रवाना होने वाले हैं।

कमलनाथ छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं और फिलहाल वहां से वह विधायक हैं। गत नवंबर में हुए मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था। कमलनाथ के ये समर्थक विधायक फोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे हैं। कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि कमलनाथ के समर्थक एवं पूर्व मंत्री लखन घनगोरिया भी दिल्ली में उनके साथ डेरा डाले हुए हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कमलनाथ के समर्थक दीपक सक्सेना ने छिंदवाड़ा में संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह उन्हें प्रदेश पार्टी अध्यक्ष पद से हटाया गया, उससे वह आहत हैं। सक्सेना ने कहा, हम चाहते हैं कि उन्हें पूरा सम्मान मिलना चाहिए। वह जो भी निर्णय लेंगे, हम उसमें उनके साथ रहेंगे।

कमलनाथ के अन्य समर्थक और राज्य के पूर्व मंत्री विक्रम वर्मा ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर 'जय श्री राम' लिखा। पूर्व सांसद वर्मा ने कहा, मैं कमलनाथ का अनुसरण करूंगा। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि कमलनाथ का धड़ा 23 विधायकों को अपने साथ लाने का प्रयत्न कर रहा है ताकि दल-बदल कानून उनपर लागू न हो। मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 66 विधायक हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के वकील राकेश पांडे ने कहा, एक तिहाई विधायकों के पाला बदल लेने की स्थिति में दलबदल कानून लागू नहीं होंगे।

## अंडमान के जंगल में भोजन-पानी नहीं मिल पाने के कारण म्यांमार के छह शिकारियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पोर्ट ब्लेयर/भाषा।** अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के सुदूर नारकोंडम द्वीप में म्यांमार के छह संदिग्ध शिकारियों के शव पाए गए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन शिकारियों के पास मौजूद खाने-पीने का सामान समाप्त हो जाने के बाद उन्हें इस छोटे ज्वालामुखी द्वीप पर भोजन और पानी नहीं मिल सका जिसके कारण उनकी मौत हो गई। द्वीप तक पहुंचने के लिए वे जिस नाव का उपयोग करते थे उसमें कुछ खराबी आ गई थी और वे वापस नहीं लौट सके थे। उनके शव नारकोंडम द्वीप के जंगल में समुद्र किनारे से कुछ दूरी पर मिले।

# दुष्कर्म पीड़िता ने मजिस्ट्रेट पर लगाया यौन शोषण का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

त्रिपुरा

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा में दुष्कर्म पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अदालत में एक मजिस्ट्रेट ने अपने कक्ष के अंदर उसका यौन शोषण किया है। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक धलाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक समिति ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि यौन शोषण की घटना 16 फरवरी को हुई जब वह उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले के संबंध में अपना बयान दर्ज कराने के लिए कमालपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। महिला ने अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कमालपुर को दी अपनी शिकायत में कहा, मैं 16 फरवरी को अपना बयान दर्ज कराने के लिए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के कक्ष में गई थी। जब मैं अपना बयान देने ही वाली थी, तो न्यायाधीश ने मुझे गलत तरीके से छुआ। मैं उनके चैंबर से बाहर निकली तथा वकीलों और अपने पति को इस घटना की जानकारी दी। महिला के पति ने भी इस घटना को लेकर कमालपुर बार एसोसिएशन में एक अलग शिकायत दर्ज कराई।

पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जिला और सत्र न्यायाधीश गौतम सरकार ने मामले की जांच के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्यजीत दास के साथ कमालपुर के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यालय का दौरा किया।

अधिवक्ता निकाय के सचिव शिबेंद्र दासगुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से फोन पर कहा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति ने अदालत परिसर में कमालपुर बार एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात की और महिला के आरोपों पर हमारा दृष्टिकोण पूछा। हमने समिति के सामने अपनी बातें रखीं।

त्रिपुरा उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल वी. पांडे ने न्यायाधीश के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हमें अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली है। राज्य के अन्य लोगों की तरह मुझे भी इसके बारे में मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से पता चला। एक बार जब हमें उचित प्रारूप में शिकायत मिल जाएगी, तो हम निश्चित रूप से उचित कार्रवाई करेंगे।

# अडाणी टोटल गैस एलएनजी पर लगा रही है बड़ा दांव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख शहरी गैस वितरक (सीजीडी) कंपनी अडाणी टोटल गैस लिमिटेड वृद्धि के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर बड़ा दांव लगा रही है। सरकार की गैस नीति में एलएनजी को तेजी से बढ़ावा देने और ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन को नियंत्रित करने की पहल के बीच कंपनी ने यह रणनीति अपनाई है।

adani Gas TOTAL

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अडाणी टोटल गैस लिमिटेड (एटीजीएल) का लक्ष्य लंबी दूरी के वाणिज्यिक वाहनों के लिए डीजल की जगह प्राथमिक ईंधन के रूप में एलएनजी को बढ़ावा देना है। इसके लिए वाहन क्षेत्र से संबद्ध कंपनियों, मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम), परिचालकों और रेट्रोफिटमेंट कंपनियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ रणनीतिक गठजोड़ किए जा रहे हैं। एटीजीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरेश पी मंगलानी ने कहा, एलएनजी की सबसे बड़ी चुनौती वितरण है। इस समय हमारे पास केवल मुट्ठी भर एलएनजी वितरण स्टेशन हैं और यही असली चुनौती है। परिचालक वितरण नेटवर्क तैयार होने तक इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए तैयार नहीं हैं। दूसरी ओर पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) एलएनजी आउटलेट की संख्या में विस्तार नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी इस हरित ईंधन को तेजी से बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।

एटीजीएल ने पिछले दो माह में वैकल्पिक ईंधन प्रणाली विनिर्माता शिगन, क्रायोजेनिक लिक्विड स्टोरेज, आईनॉक्स सीवीए और अडाणी सीमेंट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने कहा कि वह आने वाले महीनों में इस तरह की और साझेदारियां करेगी।

# 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए 9-10 प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी : कांत



**मुंबई/भाषा।** भारत को लगभग तीन दशकों तक 9-10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ने और लगातार नवाचार करने की जरूरत है। भारत के जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने रविवार को कहा कि ऐसा करके हम 2047 तक 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

कांत ने टेक एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन मुंबई (टीईएएम) के कार्यक्रम 'मुंबई टेक वीक' (एमटीडब्ल्यू) के एक सत्र में कहा, हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और 2027 तक हम जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि 2047 में जब आजादी के सौ साल पूरे होंगे, तब तक भारत 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाए। कांत ने कहा कि इसका मतलब है 2047 तक भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का मतलब है कि हमें करीब तीन दशकों तक 9-10 फीसदी की सालाना वृद्धि की जरूरत है और इसका मतलब है कि हमें लगातार नवाचार करने की जरूरत है।

# आंध्र प्रदेश : आगामी चुनाव से पहले गठबंधन के लिए भाजपा के संपर्क में वाईएसआरसीपी और तेदेपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश में एक साथ होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी दल तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) राजनीतिक गठबंधन की संभावनाओं को तलाशने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संपर्क में हैं, हालांकि अभी तक इस बारे में कोई ठोस घोषणा नहीं की गई है। तेदेपा सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आठ फरवरी को देर रात नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की, जिसके बाद दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर लगाई जा रही अटकलें तेज हो गई थीं। दोनों दलों ने अभी तक गठबंधन की कोई घोषणा नहीं की है।

एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि तेदेपा और भाजपा के बीच गठबंधन संभव है, जिसकी घोषणा कुछ दिनों में की जा सकती है। सूत्रों ने पाया कि तेदेपा ने 10 फरवरी तक अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने की योजना बनाई थी, लेकिन गठबंधन की बातचीत के कारण इसमें देरी हुई। सूत्रों के अनुसार, नायडू की बैठक के बाद गठबंधन पर मुहर लगाने के लिए भाजपा के साथ पर्दे के पीछे बातचीत अब भी जारी है।

तेलुगू देशम पार्टी प्रवक्ता तिरुनगरी ज्योशना के अनुसार, उम्मीदवारों की सूची 20 फरवरी तक घोषित किए जाने की संभावना है।





# देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव की तुलना महाभारत के युद्ध से की और कहा कि जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) देश के विकास के लिए काम कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नीत 'इंडिया गठबंधन' परिवारवादी पार्टियों और भ्रष्टाचारियों से भरा पड़ा है।

भाजपा के दो दिवसीय अधिवेशन के आखिरी दिन 'भाजपा: देश की आशा, विपक्ष की हताशा' प्रस्ताव पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने वंशवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन की कड़ी आलोचना की। शाह ने कहा, जैसे महाभारत के युद्ध में दो खेमे थे... कौरव और पांडव थे, वैसे ही आज चुनाव से पहले दो खेमे हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से एक खेमा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग है और दूसरा कांग्रेस के नेतृत्व वाला 'इंडिया' गठबंधन है। उन्होंने कहा, इंडिया' गठबंधन सभी वंशवादी पार्टियों का गठबंधन है जो वंशवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की पोषक हैं जबकि भाजपा नीत राजग सभी दलों का गठबंधन है जो राष्ट्र के सिद्धांतों पर चलता है। शाह ने कहा कि देश के लोगों को यह तय करना होगा कि वे इस बार दोनों में से किसे जनादेश देना चाहते हैं। उन्होंने इन पार्टियों को चलाने वाले परिवारों की दूसरी, तीसरी और चौथी पीढ़ी की ओर इशारा करते हुए कहा कि विपक्ष में 'टू-जी, थ्री-जी' और 'फोर-जी' पार्टियों की भरमार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। शाह ने कहा कि लोगों के मन में इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटेंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन सोच समझकर होगा, बारामती पर कोई विवाद नहीं : अजित



**ठाणे/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजित पवार ने रविवार को कहा कि बारामती में पार्टी कार्यकर्ता एकजुट रहें। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस सीट पर उनकी पत्नी और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले का मुकाबला हो सकता है।

नवी मुंबई के वाशी में पार्टी के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से बतचीत में अजित पवार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों का चयन विभिन्न पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा, कोई टकराव नहीं है, बारामती के सभी राकांपा कार्यकर्ताओं में सद्भाव कायम है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शरद पवार की बेटी और ननद सुप्रिया सुले के खिलाफ बारामती से चुनाव लड़ सकती हैं। बारामती को पवार परिवार का गढ़ माना जाता है। अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा 'महायुति' सरकार का हिस्सा है, जिसमें एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भाजपा शामिल हैं। अजित पवार ने भाजपा नेता हर्षवर्द्धन पाटिल के साथ किसी भी तरह के मनमुटाव से इनकार किया।

## तेदेपा नेता ने चंद्रबाबू नायडू के कट-आउट का अपने खून से अभिषेक किया, टिकट की मांग की

**विजयवाड़ा/भाषा।** तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के एक नेता ने रविवार को पार्टी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू के प्रति अपनी श्रद्धा को दर्शाने के लिए उनके आदमकद 'कट-आउट' का अपने खून से अभिषेक किया। इस अवसर का उपयोग करते हुए इस नेता ने आंध्रप्रदेश विधानसभा या लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए टिकट की मांग भी कर दी।

बी वेंकटेश्वर राव उर्फ बुड्डा वेंकन्ना ने अपना एक यूनिट रक्त एकत्र किया और बाद में उससे नायडू के कट-आउट का अभिषेक किया। उन्होंने उसी खून से अपने घर की दीवार पर ''सीबीएन (चंद्रबाबू नायडू) जिंदाबाद, मेरी जान'' लिखा। वेंकन्ना ने कहा, यह चंद्रबाबू नायडू के प्रति मेरी अत्यधिक भक्ति का एक प्रदर्शन है। यह कृत्य केवल हमारी भक्ति प्रदर्शित करने के लिए था, विद्रोह नहीं... चंद्रबाबू नायडू मेरे भगवान हैं।

# भारत में लगने जा रहे अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रसारण राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में जल्द ही अरबों डॉलर के दो पूर्ण विकसित सेमीकंडक्टर संयंत्र लगने वाले हैं। इसके अलावा कई चिप असेंबली और पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना के लिए भी निवेश प्रस्तावित है। मंत्री ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया कि दो परियोजनाओं में आठ अरब डॉलर का एक प्रस्ताव इजराइल की टॉवर सेमीकंडक्टर्स का और दूसरा प्रस्ताव टाटा समूह का है।

चंद्रशेखर ने कहा, मुझे आपको बताते हुए खुशी हो रही है और शायद आप पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें मैं यह बात रहा हूं। जल्द ही भारत में दो पूर्ण विकसित फैब आने वाले हैं। ये 65, 40 और 28 नैनोमीटर प्रौद्योगिकी में कई अरब के फैब होंगे। हम कई अन्य प्रस्तावों का भी मूल्यांकन कर रहे हैं। वह टावर सेमीकंडक्टर द्वारा पेश आठ अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव और भारत के सेमीकंडक्टर योजना की स्थिति पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मंत्री ने कहा कि अगर आगामी आम चुनाव से पहले इन्हें मंजूरी नहीं मिली तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में इस परियोजना को मंजूरी दे दी जाएगी।

# पेटीएम बैंक पर कार्रवाई ने फिनटेक कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन की ओर खींचा : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नियामकीय कार्रवाई ने वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनियों का ध्यान कानून के अनुपालन के महत्व की ओर खींचा है। चंद्रशेखर ने इस बात पर जोर दिया कि नियामकीय अनुपालन कंपनियों के लिए 'वैकल्पिक' नहीं हो सकता, बल्कि यह एक ऐसा पहलू है जिसपर प्रत्येक उद्यमी को पूरा ध्यान देना चाहिए।

चंद्रशेखर ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, पेटीएम पेमेंट्स बैंक का मुद्दा एक ऐसा मामला है जहां एक आक्रामक उद्यमी नियामकीय अनुपालन की जरूरत को महसूस करने में विफल रहा है, और कोई भी कंपनी अनुपालन से बच नहीं सकती है।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक संकट के बीच मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी, चाहे वह भारत की हो या विदेश की, बड़ी हो या छोटी, उसे देश के कानून का पालन करना होगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने पीपीबीएल को 15 मार्च से नई जमा स्वीकार करने से रोक दिया है, और कंपनी के खिलाफ अपनी कार्रवाई की किसी भी समीक्षा से इनकार कर दिया है। चंद्रशेखर ने कहा कि यह धारणा कि पीपीबीएल पर आरबीआई की कार्रवाई ने फिनटेक क्षेत्र को परेशान कर दिया है, इसका सही चित्रण नहीं है। राजनीतिज्ञों, उद्यमियों और प्रौद्योगिकी दिग्गज इस बात से सहमत नहीं है कि पेटीएम बैंक मुद्दे ने पूरे फिनटेक उद्योग के लिए चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा, यह धारणा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ नियामक की कार्रवाई ने फिनटेक को परेशान कर दिया है...मुझे नहीं लगता कि इसका सही चित्रण है।

चंद्रशेखर ने कहा, मुझे लगता है कि इसने फिनटेक उद्यमियों का ध्यान इस तथ्य की ओर खींचा है कि आपको यह भी जानना होगा कि कानून का अनुपालन कैसे करना है। नियामकीय अनुपालन दुनिया के किसी भी देश के लिए 'वैकल्पिक' नहीं है। निश्चित रूप से भारत में ऐसा नहीं है और उद्यमियों को इसपर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। उद्यमी आमतौर पर जो कुछ भी बना रहे हैं, उसपर इतना ध्यान केंद्रित करने लगते हैं कि कभी-कभी वे नियामकों द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी कर देते हैं। पीपीबीएल वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का सहयोगी इकाई है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पीपीबीएल की चुकता शेयर पूंजी (सीधे और अपनी अनुषंगी कंपनी के माध्यम से) का 49 प्रतिशत हिस्सा है।

उद्घाटन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में रविवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने वाणिज्य कर एवं निबंधन विभाग की पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

पुष्पांजलि — दक्षिण भारत राष्ट्रमत


चेन्नई में रविवार को सिंगारवेलर को उनकी 165वीं जयंती पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री और गणमान्य व्यक्तियों ने सिंथनाई सिरपी मां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कई नयी इमारतों का उद्घाटन किया




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने रविवार को राज्य में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में कक्षाओं और पुस्तकालयों समेत कई इमारतों का उद्घाटन किया और नयी सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री पूरे राज्य में समावेशी विकास के विचार को बढ़ावा दे रहे हैं और नयी सड़कों से विशेष रूप से उन आदिवासी समुदायों को बहुत लाभ होगा जिनके क्षेत्रों में सड़क संपर्क खराब है। रविवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि स्टालिन ने डिजिटल माध्यम से नमक्कल में आयोजित समारोहों में भाग लिया और ग्रामीण विकास विभाग के तहत जिले के सरकारी स्कूलों के लिए 80.85 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कई कक्षाओं का उद्घाटन किया गया।



## सेल्वापेरुन्थागई बने टीएनसीसी के अध्यक्ष

**चेन्नई।** तमिलनाडु में एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में कांग्रेस आलाकमान ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले अपने विधायक दल के नेता के. सेल्वापेरुन्थागई को प्रदेश कांग्रेस समिति (टीएनसीसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सेल्वापेरुन्थागई मौजूदा टीएनसीसी प्रमुख के.एस. अलागिरी का स्थान लेंगे। वर्ष 2019 में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालने वाले श्री अलागिरी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि वे पार्टी के नए राज्य प्रमुख को पूरा सहयोग देंगे। सीएलपी के उपनेता राजेश कुमार को श्री सेल्वापेरुन्थागई के स्थान पर विधानसभा में विधायक दल का नेता बनाया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में बदलाव की खबरें काफी समय से आ रही थी, लेकिन लेकिन पार्टी इससे इनकार कर रही थी। लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा नजदीक आने के साथ ही श्री सेल्वापेरुन्थागई को इस पद पर नामांकित करके पार्टी ने सबको आश्चर्यचकित कर दिया है।

## रामकृष्ण मिशन ने इरुला आदिवासी परिवारों को झोपड़ियाँ सौंपीं

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के अलापक्कम गांव में रामकृष्ण मिशन स्टूडेंट्स होम ने 40 इरुला आदिवासी परिवारों (पुनर्वास परियोजना) के लिए 25 लाख रुपये की लागत से झोपड़ियां और एक सहोदरी निवेदितई सामुदायिक हॉल का निर्माण किया है। रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन बेलूर मठ के सहायक महासचिव स्वामी बोधसारानंदजी महाराज ने लाभार्थियों को झोपड़ियाँ दी। रामकृष्ण मिशन स्टूडेंट्स होम चेन्नई के सचिव स्वामी सत्यज्ञानानंद, रामकृष्ण मठ के स्वामी, पंचायत अध्यक्ष, सरकारी अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

तमिलनाडु सरकार ने आलपक्कम गांव में 40 इरुला आदिवासी परिवारों को घर बनाने के लिए मुफ्त भूखंड प्रदान किये थे, लेकिन ये इरुला परिवार बहुत पिछड़े थे और घर नहीं बना सकते थे. क्योंकि उनके पास कोई आर्थिक साधन नहीं था और उनके पास आश्रय या आवश्यक सुविधायें नहीं थीं। रामकृष्ण मिशन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, भगवान की कृपा से हमारा ध्यान उनकी दुर्दशा की ओर आकर्षित हुआ। चेन्नई स्टूडेंट होम ने तुरंत आवश्यक क्षेत्रीय कार्य किया और सीमेंट फर्श और तीन फीट की दीवारों के साथ 40 छप्पर वाले घरों का निर्माण शुरू किया। इन 40 परिवारों को पानी और अन्य जरूरतों के लिए बोरवेल, सोलर लैंप, कपड़े, खाना पकाने के बर्तन, स्टोव, चटाई, तकिया, किराना जैसी सभी बुनियादी आवश्यकताएं प्रदान की गयीं। सहोदरी निवेदिथाई सामुदायिक हॉल नामक एक बड़े सामुदायिक हॉल का निर्माण किया गया और बच्चों के लिए शाम की कक्षाएं शुरू कीं। इस परियोजना की लागत 25 लाख रुपये है, जिसमें बेलूर मठ स्थित मिशन मुख्यालय ने 8 लाख रुपये का योगदान दिया, जबकि पूर्व छात्रों और अन्य शुभचिंतकों ने शेष 17 लाख रुपये की राशि दान की।

## कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में सोमवार को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे।

अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है, जो अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता, विविधता और नवाचार का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि कैसे महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर अमेरिका-भारत की पहल वाणिज्यिक अंतरिक्ष, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम तथा हरित हाइड्रोजन जैसे अगली पीढ़ी के क्षेत्रों में नई प्रगति और निवेश को बढ़ावा देगी।

उन्होंने कहा, यह दक्षिण भारत में अमेरिकी शिक्षा व्यापार मिशन का अंतिम पड़ाव होगा और हम अमेरिकी विश्वविद्यालय भागीदारों को कोयंबटूर में शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़कर प्रसन्न हैं। होजेस ने कहा कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों और औद्योगिक शहर कोयंबटूर में उच्च-कुशल विद्यार्थी तथा शैक्षणिक संस्थानों के बीच संबंध अमेरिकी-भारत सहयोग को आगे बढ़ाएंगे और नवाचार को बढ़ावा देंगे।

## सुपरस्टार विजय की टीवीके पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक आज

**चेन्नई।** तमिल सुपर स्टार विजय ने 2 फरवरी 2024 को अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कजगम (टीवीके) लॉन्च की थी। विजय का कहना है कि उनका लक्ष्य 2026 का विधानसभा चुनाव है। आगामी आम चुनाव में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है।

विजय के दफ्तर से एक प्रेस बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि टीवीके 19 फरवरी सोमवार को सुबह 9 बजे पनियूर में पार्टी मुख्यालय में अपने पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करेगी। बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। बैठक में 2024 के आम चुनाव को लेकर फैसलों की घोषणा की जाएगी।

तमिलनाडु में दो पूर्व मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन (एमजीआर) और जे. जयललिता तमिल दुनिया के सुपरस्टार थे। डीएमके नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि तमिल फिल्म उद्योग के अग्रणी स्क्रिप्ट राइटरों में से एक थे। इससे पता चलता है कि तमिल फिल्म उद्योग और राज्य की द्रविड़ राजनीति आपस में जुड़ी हुई है।

उद्घाटन — दक्षिण भारत राष्ट्रमत


तिरुनेलवेली में रविवार को युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने समारोह में पूरी हो चुकी परियोजनाओं का उद्घाटन किया। नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और लाभार्थियों को कल्याण सहायता सौंपी।

## मैसूरु रेलवे स्टेशन से श्री राम भक्तों की विदाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मैसूरु।** मैसूरु रेलवे स्टेशन से एक विशेष ट्रेन में अयोध्या के लिए रवाना हुए श्री राम भक्तों को रविवार को विदाई दी गई। रामलला मूर्ति के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने हरी झंडी दिखाकर इस विशेष ट्रेन को रवाना किया। इस अवसर पर अयोध्या श्री राम मंदिर दर्शन अभियान के प्रदेश संयोजक सिद्दराजू, प्रदेश सह संयोजक जगदीश हीरेमानी, नगर जिलाध्यक्ष नागेंद्र, एमवाईवी रविशंकर समेत अन्य नेताओं ने रामभक्तों को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।






## ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों ने 165 किमी तैराकर बनाया नया विश्व रिकॉर्ड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से पीड़ित बच्चों के एक समूह ने कुड्डालोर से चेन्नई तक 165 किलोमीटर तैराकी करके नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। नौ से 19 वर्ष के 14 बच्चों ने गजब की प्रतिबद्धता दिखाई और तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र में तैराकी करके इतिहास रचा। इस समुद्री तैराकी अभियान का आयोजन रिले प्रारूप में किया गया था। इस दौरान उनके ट्रेनर नाव में सवार थे।

'यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फॉर स्पेशल नीड्स' के संस्थापक और मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने कहा कि इसतरह से इन बच्चों ने 'विश्व रिकॉर्ड' बनाया। उन्होंने कहा,मुझे इन बच्चों की प्रतिबद्धता और जज्बे पर गर्व है। ऑटिज्म से पीड़ित इन 14 बच्चों का समुद्री तैराकी अभियान एक उपलब्धि से भी बढ़कर है। ऑटिज्म एक न्यूरोलॉजिकल विकार है जो पीड़ित का दूसरों के साथ संपर्क को प्रभावित करता है। तमिलनाडु के पूर्व पुलिस महानिदेशक सी सिलेंद्र बाबू ने बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा,भागीदारों में तीन बच्चे ऐसे थे जिन्होंने लगातार 17 किलोमीटर तक तैराकी की जबकि एक लड़की 10 किलोमीटर तक लगातार तैरती रही। उन्होंने दिखाया कि विकलांगता उनकी राह में रोड़ा नहीं बन सकती है।

## शिवमोग्गा में गर्मी से बारूद में विस्फोट, लोगों में दहशत

**शिवमोग्गा।** कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में शिकारीपुरा तालुक के शिरालाकोप्पा कस्बे में रविवार को एक बैग में रखे बारूद में विस्फोट होने से लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस जांच में पता चला कि यह विस्फोट एक बैग में रखे बारूद में हुआ जिसका इस्तेमाल आमतौर पर किसान जंगली सूअरों को भगाने में करते हैं। पुलिस ने कहा कि किसान दंपत्ति रूपा और उमेश बारूद लाए थे और उन्होंने शहर में साप्ताहिक मेले के दौरान इसे एक विक्रेता की दुकान पर रखा था। शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक जी.के. मिथुन कुमार ने बताया कि हमारी प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गर्मी के कारण बारूद में विस्फोट हुआ। किसान अपने खेतों से जंगली सूअर को भगाने के लिए बारूद का इस्तेमाल करते हैं।

## भाजपा को उसके विश्वासघात के लिए सबक सिखाने के लिए कांग्रेस को वोट दें : मुख्यमंत्री सिद्दरामैया

**मंड्या।** भाजपा का कहना है कि कर्नाटक के साथ 'कर अन्याय' के खिलाफ नई दिल्ली में विरोध करना शर्मनाक है। यह बहुत ही शर्म की बात है। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रविवार को यहां जनता से भाजपा को सबक सिखाने और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करने का आह्वान किया। वह रविवार को, मालवल्ली तालुक के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास करने तथा सरकारी गारंटी योजनाओं के लाभार्थियों के सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद दर्शकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने धन्यवाद देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी और जेडीएस ने उनके द्वारा दिखाए गए किसी भी प्रलोभन के आगे झुके बिना हमारे उम्मीदवार को चुना। उन्होंने कहा कि मालवल्ली में दिए गए बजट के अनुसार 470 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि के विकास कार्यक्रम शुरू किए गए हैं।

**कोई नैतिक अधिकार नहीं :** उन्होंने कहा कि 'पिछले चुनाव की घोषणा के अनुरूप आठ माह में पांच गारंटी लागू की गयी और हमने वादा पूरा किया। बीजेपी और जेडीएस की तरह हम गाली-गलौज करने वाले नहीं हैं। बीजेपी और जेडीएस अब एक हो गए है। लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने एक बार कहा था कि वह अगले जन्म में मुस्लिम के रूप में जन्म लेंगे। अब सांप्रदायिक लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं।' अब वे कहते हैं कि मैंने अपने बेटे को बीजेपी में भेज दिया है। अब उन्हें अपने जनता दल में से 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटा देना चाहिए। उनके पास इसे रखने के लिए नैतिकता बची नहीं है।

**कांग्रेस 20 सीटें जीतेंगे :** सिद्दरामैया ने कहा कि भाजपा पाखंड की बात करती है। भाजपा 28 में से 28 सीटें जीतने की बात करती है। जो संभव नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में कम से कम 20 सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि आप सभी मुझे आशीर्वाद देंगे।'

**शक्ति योजना : 155 करोड़ महिलाओं ने की बस यात्रा :** मुख्यमंत्री ने बताया कि 11 जून से अब तक 155 करोड़ महिलाएं 'शक्ति योजना' के तहत सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 60 लाख महिलाएं प्रतिदिन बसों में यात्रा कर रही है। शक्ति योजना से महिलाओं की आर्थिक शक्ति में भी बढ़ोत्तरी हुई है। साथ ही उनकी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्षमता बढ़ी है।

**गरीबों को केंद्र का चावल नहीं दिया गया :** लोग भूखे न सोएं और राज्य भूख से मुक्त हो, इसके लिए अन्नभाग्य लागू किया गया। लोगों को केंद्रीय भाजपा पार्टी को वोट नहीं देना चाहिए जो गरीबों को चावल नहीं देती है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने आलोचना की थी कि अगर गारंटी लागू की गई तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। मेरे द्वारा प्रस्तुत बजट में 52 हजार करोड़ रुपए गारंटी के लिए रखे गए हैं।



**उद्घाटन :** रविवार को मंड्या के मालवल्ली तालुक के मंचनहल्ली में कनकदास के प्रतिमा का अनावरण एवं कनकदास के नए भवन की आधार शिला मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने रखी। इस मौके पर विधायक नरेन्द्र स्वामी की अध्यक्षता में कृषि मंत्री चालुवरायस्वामी सहित अनेक प्रमुख नेता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मालवल्ली तालुक में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन भी किया। सरकारी गारंटी योजना के लाभार्थियों के सम्मेलन का उद्घाटन भी किया।


**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित ई-निविदा IREPS वेबसाइट में प्रकाशित हुई है । फर्मों से अनुरोध किया जाता है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉगइन करें और निविदा के खिलाफ बोली लगाएं । निविदा के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

| निविदा संख्या | खुला निविदा फ़ाइल संदर्भ संख्या | कार्य का नाम | मात्रा (अदद) | निविदा बंद होने एवम खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 2024471211326 -ओटी-15-एमबीबी | एमएस/सी/ओटी/15/ एमबीबी/2023-24 | फिएट बोगी बोल्सटर का मशीनिंग | 200 | 01.03.2024 को 15:00 बजे |

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

**भारतीय रेल**

**निविदा सूचना सं. सडिका/बिजली/निर्माण/2023-24 दिनांक: 19.02.2024**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य बिजली इंजीनियर/अनु/शेल, सवारी डिब्बा कारखाना निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं-

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित मूल्य (रुपए लाख में) | बयाना राशि रुपए में | निविदा बंद करने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 2024245211321 | ईएल-डब्ल्यू-868 शेल डिवीजन में डी-कॉन्टैक्टर असेंबली बॉक्स की व्यवस्था (बंदे भारत-II कोच परियोजना के तहत) | 72.98 | 1,46,000/- | 20.03.2024 at 15.30 hrs. |

आवेदन जमा करने की वेबसाइट: www.ireps.gov.in

**सवारी डिब्बा कारखाना, चेन्नै - 600 038**

निविदा सूचना संख्या: सडिका/मुयांइं/क्यूए/आरएससी/2024-25, दिनांक: 15.02.2024

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित ई-निविदा आईआरपीएस वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है । फर्मों से अनुरोध है कि वे www.ireps.gov.in पर लॉग इन करे और निविदा के लिए कोट करें । निविदा के लिए मैनुअल कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा ।

| निविदा संख्या | खुला निविदा फ़ाइल संदर्भ संख्या | कार्य का नाम | मात्रा | निविदा बंद होने एवम खुलने की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|
| 2024471211323 | सडिका/मुयांइं/क्यूए/ आरएससी/2024-25 | सवारी डिब्बा कारखाना में रोलिंग स्टॉक प्रमाण पत्र के लिए डेटा मैनेजमेंट सर्विस की आउटसोर्सिंग के लिए कार्य अनुबंध । | 4000 कोच | निविदा बंद होने की तारीख 07.03.2024 समय 15:30 बजे, निविदा खुलने की समय 15:45 बजे |

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** भारत सरकार का उपक्रम
**Union Bank of India** A Government of India Undertaking

**क्षेत्रीय कार्यालय-चेन्नई(दक्षिण)**
38 और 39, व्हाइट्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई-600014 (दूरभाष: 044-28523104)

**नंगनल्लूर(चेन्नई) में पट्टे पर परिसर की आवश्यकता**

बैंक को नंगनल्लूर 26वीं स्ट्रीट, चेन्नई में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नंबर 14, 26वीं स्ट्रीट, चौथी मेन रोड, नंगनल्लूर, चेन्नई 600 061 के मौजूदा परिसर से 200 मीटर की परिधि के भीतर, अधिमानतः भूतल पर, 2000 ± 10% वर्ग फीट कारपेट एरिया वाले एक अच्छी तरह से निर्मित वाणिज्यिक परिसर की आवश्यकता है, जो तैयार हो या निर्माणाधीन हो।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in और ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eprocure.gov.in पर जाएं।

निर्धारित प्रारूप में बोलियां जमा कराने की **अंतिम तिथि 11/03/2024 अपराह्न 3.00 बजे** तक है।

बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दिनांक : 19-02-2024
स्थान : चेन्नई

**क्षेत्र प्रमुख**

# वायुसेना ने 'वायु शक्ति' अभ्यास में राफेल समेत 120 विमानों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने आकाश से वज्रपात की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

अभ्यास में परिवहन विमानों द्वारा लड़ाकू सहायता परिचालन का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें सी-17 द्वारा भारी रसद की आपूर्ति और भारतीय वायुसेना के विशिष्ट गरुड़ कमांडो को ले जाने वाले सी-130जे द्वारा हमला शामिल है। इस कार्यक्रम में अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर ने पहली बार अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया, जबकि एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने जमीनी लक्ष्यों पर निशाना साधा। भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर ने सेना के लिए साजो-सामान की त्वरित आपूर्ति का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान मुख्य अतिथि थे। रक्षा प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा कि अभ्यास के दौरान दो घंटे में दो वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में लगभग 50 टन आयुध गिराया गया, जो भारतीय वायुसेना की आक्रामक मारक क्षमता और सटीक लक्ष्य साधने की क्षमता का प्रदर्शन करता है। उन्होंने बताया कि 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति भारतीय वायुसेना की प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए स्वदेशी रूप से विकसित तेजस विमान ने भी अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया और एक हवाई लक्ष्य को नष्ट किया। वायुसेना ने अभ्यास के दौरान लंबी दूरी के ड्रोन का भी प्रदर्शन किया।



# राजस्थान को अपना कर्म क्षेत्र बनाएं : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सूचना तकनीक से जुड़े विशेषज्ञो का आह्वान किया है कि वे राजस्थान को अपना कर्म क्षेत्र बनाएं। राज्य सरकार पूरी मदद करेगी। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राजस्थान में आकर अपने कार्यों को विस्तार दें। अपनी जन्मभूमि से जुड़े।

देवनानी रविवार को यहां राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आईटी वॉइस एक्सपो में आईटी एक्सपर्टस को सम्मानित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि राजस्थान के प्रवासी लोगों को एक जगह लाने का प्रयास अनुकरणीय पहल है। प्रवासी राजस्थानी के दिल में राजस्थान बसता है। उन्होंने कहा भारत आईटी में निरंतर प्रगति कर रहा है। भारत जल्दी ही तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विकसित राष्ट्र की संकल्पना में हम सभी को भागीदार बनना है। दृढ़ नीति और इच्छा से सब कुछ संभव है। हम मेहनत करके सब कुछ बदल सकते हैं। भारत को आगे बढ़ा सकते हैं। देवनानी ने साइबर अपराधों पर रोक लगाने के लिए शोध किए जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में आईटी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार से जो भी मदद आपको चाहिए वह पूरी मिलेगी। कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों के आईटी एक्सपर्ट मौजूद थे। समारोह को राजीव कपूर, डीपी शर्मा और सूचना प्रौद्योगिकी के आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने भी संबोधित किया।

# मोदी गारंटी के साथ जनहित में ऐतिहासिक निर्णय ले रही है 'डबल इंजन' सरकार : जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को कहा कि राज्य की 'डबल इंजन' सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के साथ जनहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। जोशी ने राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना के जल को लेकर हुए समझौते पर टिप्पणी करते हुए यह बात कही। जोशी ने यहां एक बयान में कहा कि प्रदेश में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार मोदी गारंटी के साथ जनहित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने के कारण यह योजना इतने लम्बे समय तक लंबित रही। जोशी ने कहा कि अब केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र शेखावत की अध्यक्षता में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की बैठक में समझौता होने के बाद हरियाणा बरसात के दिनों में यमुना का अतिरिक्त पानी राजस्थान को देगा और राजस्थान इस पानी का भंडारण करेगा जिससे यह पीने के काम आ सकेगा। जोशी ने कहा कि दोनों सरकारों के बीच हुए समझौते के अनुसार योजना के मूर्त रूप लेने के बाद राजस्थान को ताजेवाला हेडवर्क्स से यमुना नदी का जल उपलब्ध होगा और बरसात में व्यर्थ बह जाने वाले पानी का भी समुचित उपयोग हो सकेगा।

# पारिवारिक विवाद के चलते पिता ने बेटे की हत्या की, बाद में खुद को गोली मार ली

जयपुर। राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के गोलूवाला थाना क्षेत्र में बीती रात पारिवारिक संपत्ति विवाद के चलते एक व्यक्ति ने अपने बेटे की कथित रूप से गोली मारकर हत्या कर दी और बाद में आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी अजय कुमार ने रविवार को बताया कि थिराजवाला गांव में रामस्वरूप (40) ने शनिवार रात अपने कमरे में चारपाई पर सो रहे अपने बेटे सौरभ (20) की गोली मार कर हत्या कर दी और बाद में उसने खुद को भी गोली मार ली।

उन्होंने बताया कि गोलीबारी की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये तथा इस संबंध में राम स्वरूप के खिलाफ हत्या और हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से वारदात मे प्रयुक्त अवैध हथियार एवं कारतूस बरामद किये हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पिता और बेटे के बीच संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था।

# अस्पताल में सफाई संबंधी शिकायत के लिये जगह-जगह क्यू आर कोड चस्पा किये गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के सबसे बड़े सवाई मान सिंह (एसएमएस)अस्पताल के प्रशासन ने इस सरकारी अस्पताल में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल करते हुए विभिन्न स्थानों पर क्यूआर कोड चस्पा किये गये हैं जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति सफाई के संबंध में शिकायत कर सकता है। शिकायत का तुरंत समाधान किया जा रहा है।

सवाई मान सिंह अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि एसएमएस अस्पताल के मुख्य भवन और उससे जुड़े बांगड़ अस्पताल के गलियारों जैसे कई स्थानों पर क्यूआर कोड चस्पा किये गए हैं। शर्मा ने कहा कि इसके जरिये पिछले लगभग 10 दिनों में कई शिकायतें मिली हैं जिनका समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर की गई क्योंकि मुख्यमंत्री ने उदयपुर के एक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में इस प्रणाली को देखा था। शर्मा ने कहा कि इस पहल के तहत कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन के जरिए क्यूआर कोड स्कैन करके तस्वीरें अपलोड कर सकता है जिससे शिकायत सुपरवाइजर तक पहुंचती है और उसका तुरंत समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली का विस्तार किया जा रहा है और अब वार्डों जैसे अधिक स्थानों पर क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं।

भजनलाल शर्मा ने सवाई मान सिंह अस्पताल का दौरा किया था और वहां की सफाई व्यवस्था और स्टाफ की उपस्थिति सहित अन्य व्यवस्थाएं देखी थीं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जयपुर के एसएमएस अस्पताल समेत प्रदेश के हर अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं सुधारने के निर्देश दिए थे।

# शर्मा, देवनानी, राजे एवं गहलोत ने आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर शोक व्यक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, पूर्व मुख्यमंत्रियों-- वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत ने जैन मुनि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि आचार्य जी तप, ज्ञान, संयम, आराधना एवं करूणा की प्रतिमर्ति थे। शर्मा ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुदेव प्रवर 108 विद्यासागर महामुनिराज जी की संलेखना पूर्वक समाधि का समाचार अत्यंत दुःखद एवं पीड़ादायक है।

उन्होंने कहा, पूज्य आचार्य भगवंत जी तप, ज्ञान, संयम, आराधना और करूणा की प्रतिमूर्ति थे। पूज्य आचार्य भगवंत जी के श्रीचरणों में कोटि - कोटि नमन। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है , संत शिरोमणि आचार्य भगवंत गुरुदेव प्रवर 108 विद्यासागर महामुनिराज जी की संलेखना पूर्वक समाधि का समाचार हम सभी के लिए पीड़ादायक है।

देवनानी ने एक बयान में कहा है , पूज्य आचार्य भगवंत तप, ज्ञान, संयम, आराधना और करूणा की प्रतिमूर्ति थे। उनके आदर्श एवं विचार सदैव समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने पूज्य आचार्य भगवंत को कोटि-कोटि नमन किया ।

राजे ने 'एक्स' पर लिखा, पूजनीय संत शिरोमणि जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज की संलेखनापूर्वक समाधि का समाचार सुन गहरा आघात हुआ है। उन्होंने कहा, ब्रह्मलीन आचार्य महाराज ज्ञान, त्याग, तप और संयम की प्रतिमूर्ति थे और उनका देवलोकगमन जैन समाज सहित पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, परमपूज्य संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज का समाधि द्वारा ब्रम्हलीन होने का समाचार प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, मानव कल्याण एवं चेतना जागृति में आपका योगदान युग-युगांतर तक समाज का पथ प्रदर्शन करता रहेगा। श्रद्धापूर्ण नमन।



# अहमदाबाद से दिल्ली जाने वाले फ्लाइट उदयपुर में रद्द, यात्रियों ने मचाया हंगामा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उदयपुर। अहमदाबाद से नई दिल्ली जाने वाली फ्लाइट मे तकनीकी खराबी आने पर उदयपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया। दूसरी फ्लाइट के आश्वासन पर यात्री तीन घंटे तक इंतजार करते रहे। जब दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नही हुई तो यात्रियों को कह दिया गया कि वह अपने स्तर पर रवाना हो जाएं। इससे यात्री आक्रोशित हो उठे तथा उन्होंने उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर जमकर हगामा मचाया। यात्रियों ने बताया कि उदयपुर के महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर शनिवार दोपहर अहमदाबाद से नई दिल्ली जाने वाली एयरलाइंस एयर की फ्लाइट नंबर 91696 को उतारा गया। पूछताछ मे पता चला कि तकनीकी खराबी के चलते ऐसा हुआ। यात्रियों को बताया गया कि दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था की जा रही है जिस पर सभी उदयपुर हवाई अड्डे पर दूसरी फ्लाइट का इतजार कर रहे थे। सुबह ग्यारह बजे से निकले यात्रियो जब चाय-नाश्ता का इंतजाम नहीं हुआ तो कुछ यात्रियों ने हगामा मचाया तब उनके लिए पानी की व्यवस्था की गई।

शाम साढ़े चार बजे यात्रियों को बताया गया कि उनके लिए दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था नही हो पाई है। उन्हे अपने स्तर पर ही आगे की यात्रा करनी होगी। जबकि उनके फ्लाइट के टिकट की राशि रिफण्ड कर दी जाएगी। इससे यात्रियो मे रोष बढ़ गया तथा वह हंगामा करने लगे। यात्रियो ने कहा कि उनके स्टे से लेकर दूसरे खर्चे कौन देगा? यात्रियों ने कहा कि वह साढे बारह बजे उदयपुर एयरपोर्ट पर आए थे। कई यात्री बिजनेस मीटिंग में जा रहे थे और उनका काम प्रभावित हुआ। सीनियर सिटीजन को लेकर बच्चे भी परेशान रहे।

# उत्तर प्रदेश के नीट अभ्यर्थी की कोटा के अस्पताल में मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। मेडिकल प्रवेश परीक्षा की कोटा में तैयारी कर रहे उत्तर प्रदेश के उस छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई जिसे शर्करा के उच्च स्तर और उच्च रक्तचाप के कारण दो दिन पहले यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले का शिवम राघव (21) पिछले तीन साल से कोटा में रहकर राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा(नीट) की तैयारी कर रहा था और कोटा के कुन्हाड़ी पुलिस थाना क्षेत्र स्थित लैंडमार्क सिटी में एक छात्रावास में रह रहा थ।

कुन्हाड़ी पुलिस थाने के उपनिरीक्षक राजाराम ने बताया कि छात्र को पिछले छह महीने से उच्च शर्करा स्तर और उच्च रक्तचाप की शिकायत थी और उसकी हालत बिगड़ने के बाद उसे शुक्रवार को एमबीएस (महाराजा भीम सिंह) अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने बताया कि अस्पताल में राघव की हालत लगातार बिगड़ रही थी जिसके चलते उसे आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया था, जहां उसकी रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत एक मामला दर्ज किया है।

राघव के परिजन के अनुसार, उसने पिछले साल नीट परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन उसे किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं मिल सका था। कोटा में पिछले चार दिनों में किसी छात्र की इस तरह से मौत होने की यह दूसरी घटना है। इससे पहले बृहस्पतिवार को 12वीं कक्षा के छात्र एवं जमशेदपुर निवासी परनीत राज रॉय (18) की अपने 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) कमरे में अचानक तबीयत खराब हो गई थी जिसके बाद उसे एमबीएस अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। रॉय के पोस्टमार्टम के बाद उसका शव लेने कोटा पहुंचे उसके पिता राजीव रंजन रॉय ने अपने बेटे की मौत के संबंध में निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है ताकि मौत के सटीक कारण का पता चल सके।



# चिकित्सकों का दल साइकिलों से अयोध्या रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर से चिकित्सको का एक दल रविवार को साइकिलों से अयोध्या के लिए रवाना हुआ। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने यहां विधानसभा से इस दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। देवनानी ने दल के डॉक्टर लोकेंद्र शर्मा, डॉक्टर महेंद्र ,डॉक्टर स्वप्न दास और डॉक्टर कमलकांत त्रिवेदी का मुंह मीठा करा कर अयोध्या के लिए रवाना किया ।

देवनानी ने इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा तैयार योग एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया। चिकित्सकों ने देवनानी को बताया कि यह दल मार्ग में विभिन्न मेडिकल कॉलेज और चिकित्सालयों में जाकर योग एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर परिचर्चा भी आयोजित करेगा ।

# प्रदेश में 16 धार्मिक पर्यटन स्थलों पर बनेंगे रोप-वे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश के मुख्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर नए रोप-वे परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद मिली हैं। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई की ओर से इस दिशा में युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। उम्मीद है कि अगले दो दिन में इसका प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेज दिया जाएगा। रोप-वे को लेकर पहले चरण में 12 जिलों के प्रमुख स्थलों को सौगात मिलने की उम्मीद है। इसमें सवाईमाधोपुर, बूंदी, जयपुर, राजसमंद, सीकर, जोधपुर, दौसा, बारां, बांसवाड़ा, अजमेर और चित्तौड़गढ़ में रोप-वे बनेंगे। मुख्य सचिव ने इस दिशा में तीव्र गति से काम करने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को सौंपी है। इसके बाद विभाग ने पर्यटन विकास से स्थलों की सूची प्राप्त कर इसी माह 19 फरवरी तक भारत सरकार को प्रस्ताव भेजने की तैयारी में जुटा हैं।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी को लिखे पत्र में कहा है कि मैं 12 फरवरी 2024 को आपके साथ हुई चर्चा की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहती हूं, जिसमें केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य में रोप-वे के विकास को वित्त पोषित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया था। आपके अवलोकन और विचार के लिए पर्यटन विभाग की ओर से रोप-वे प्रस्तावों की एक सूची संकलित की गई है। इन परियोजनाओं को धार्मिक स्थलों पर कनेक्टिविटी बढ़ाने के उद्देश्यों के साथ सूचीबद्ध किया गया है। इन्हें मंजूरी मिलने से राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा और कनेक्टिविटी बढ़ेगी। डिप्टी सीएम ने स्थलों की सूची भी प्रेषित की हैं।

# पाथेय कण के राम जन्मभूमि विशेषांक एवं कलैंडर का विमोचन

जयपुर। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविन्द देव गिरि महाराज ने जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय संत सम्मलेन कार्यक्रम में पाथेयकण पत्रिका के 'राम जन्मभूमि विशेषांक' एवं राम लला विग्रह कलैंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि यह विशेषांक संग्रहणीय एवं पठनीय है। इसे अवश्य पढ़ें। विशेषांक राम जन्मभूमि आंदोलन,संघर्ष से लेकर सिद्धि स्वरूप मंदिर की स्थापना संबंधी विभिन्न गतिविधियों को पाठकों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत करता है। इस विशेषांक के साथ ही पाथेय कण संस्थान करीब डेढ़ लाख परिवारों को श्रीराम लला विग्रह कलैंडर वितरित करेगा। सभी पाथेय कण सदस्यों को यह कलैंडर भेंट स्वरूप उपलब्ध करवाया जाएगा। यह कलैंडर बिकाजी कंपनी और पाथेय कण के संयुक्त तत्वावधान में प्रकाशित कराया गया है।

# बालाजी के दर्शन करने आया था परिवार, 8 वर्षीय बालक को अपहरण कर ले गए बदमाश

दौसा। मेहंदीपुर बालाजी में माता-पिता के साथ आए एक 8 वर्षीय बालक का शनिवार रात अज्ञात बदमाश अपहरण कर ले गए। बालक परिजनों के साथ बालाजी दर्शन के लिए आया था। बालक के अपहरण की घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। परिजनों ने बालक को आसपास काफी ढूंढा, लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्होंने बालाजी थाने पर सूचना दी। पुलिस अपहृत बालक की तलाश में जुटी हुई है। मौके पर लगे सीसीटीवी के आधार पर संदिग्धों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी बुद्धिप्रसाद ने बताया कि बगदारी (भरतपुर) निवासी दिनेश अपनी पत्नी सुनीता और बेटे समर के साथ बालाजी दर्शन के लिए आए आए थे। ड्राइवर भी उनके साथ था।

बालाजी मोड़ से पहले हाईवे पर सभी लोगों ने खाना खाया। मोड़ पर समर ने कोल्ड ड्रिंक पीने की जिद की। दिनेश ने बेटे को कोल्ड ड्रिंक दिलाकर गाड़ी में बैठा दिया।

# राजस्थान में ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच संपन्न

जयपुर। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा है कि प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य संपन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव के लिए ईवीएम की प्रथम स्तरीय जांच जरूरी है। गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा आम चुनाव हेतु ईवीएम / वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड के इंजीनियरों द्वारा 27 जनवरी से राज्य के सभी जिलों में प्रारंभ किया गया था । उन्होंने बताया कि मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य 17 फरवरी तक पूरा कर लिया गया । उनके अनुसार यह कार्य मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों की उपस्थिति में किया गया। एक सरकारी बयान के अनुसार ईवीएम से तात्पर्य बैलेट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) और वीवीपैट से है। राज्य के जिलों में 276 इंजीनियरों द्वारा लगभग 91408 बीयू, 73651 सीयू और 74080 वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच करवाई गई।

# राम मंदिर का निर्माण 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है : भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन में रविवार को अयोध्या में राम मंदिर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें कहा गया कि यह अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का संकेत है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि पिछले महीने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हुई जो आज 'राष्ट्रीय चेतना' का मंदिर बन गया है और यह 'विकसित भारत' के निर्माण के संकल्पों को पूरा करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है, अयोध्या की प्राचीन पवित्र नगरी में श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण देश के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली उपलब्धि है। यह एक नए कालचक्र की शुरुआत के साथ अगले 1,000 वर्षों के लिए भारत में 'राम राज्य' की स्थापना का द्योतक है। इसमें कहा गया है कि यह अधिवेशन प्रधानमंत्री के नेतृत्व को दिल से बधाई देता है।

प्रस्ताव में कहा गया है कि राम मंदिर भारत की दृष्टि, दर्शन और मार्ग का प्रतीक है। इसमें कहा गया, श्रीराम मंदिर सही मायने में राष्ट्रीय चेतना का मंदिर बन गया है और भगवान श्रीराम का मंदिर देखकर हर भारतीय आनंदित है। इसी साल 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। लाखों लोगों ने इस



ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए अपने घरों और आसपास के मंदिरों में टेलीविजन पर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह देखा।

प्रस्ताव में कहा गया कि भगवान श्रीराम, सीता और रामायण भारतीय सभ्यता व संस्कृति के हर पहलू में विद्यमान हैं।

इसमें कहा गया, हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और सभी के लिए न्याय के लिए समर्पित हमारा संविधान रामराज्य के आदर्शों से प्रेरित है। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि भारत के संविधान की मूल प्रति में भी मौलिक अधिकारों के खंड पर जीत के बाद अयोध्या लौटने पर भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी की तस्वीर इस बात का प्रमाण है कि भगवान श्रीराम मौलिक अधिकारों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

प्रस्ताव में कहा गया है कि रामराज्य का विचार महात्मा गांधी के हृदय में भी था जो कहा करते थे कि यही सच्चे लोकतंत्र का विचार है।

पार्टी ने कहा, वह कहते थे कि रामराज्य का विचार ही सच्चे लोकतंत्र का विचार है। प्रधानमंत्री ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन की स्थापना कर सही अर्थों में रामराज्य की भावना को लागू किया है।

प्रस्ताव में कहा गया कि भगवान राम ने अपने शब्दों और विचारों में जो मूल्य पैदा किए, वे 'सबका साथ, सबका विकास' के लिए प्रेरणा और 'सबका विश्वास, सबका प्रयास' का आधार हैं।

पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की एकता और एकजुटता को जनभागीदारी की शक्ति मिली है और उन्होंने अपनी नीतियों और नेतृत्व से राष्ट्र का मनोबल बढ़ाया है।

इसके मुताबिक पिछले 10 वर्षों में भारतीय सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गौरव को बहाल किया गया है। प्रस्ताव में कहा गया, यह सम्मेलन विरासत और विकास की साझा शक्ति को अपने निर्धारित प्रयासों से नए भारत की पहचान बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देता है और पूरे भारत को राम के जादू का अनुभव कराने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता है।



आचार्य विद्यासागर जी महाराज की डोल यात्राकादृश्य

## जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने 'सल्लेखना' कर देह त्यागी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजनांदगांव/भाषा।** जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, सल्लेखना' जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का 'वर्धमान' कहा जाता है।

इसमें कहा गया कि सरकार ने आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है, इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर महाराज ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी।

इसमें कहा गया, महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था।

बयान के अनुसार, लोगों के दर्शनों के लिए उनकी अंतिम यात्रा अपराह्न निकाली गई और इसके बाद उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया।

पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और उन्होंने आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात की थी और उनका आशीर्वाद लिया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जैन मुनि के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज जी की डोंगरगढ़ के चंद्रगिरि तीर्थ में समाधि लेने का समाचार प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ सहित देश और दुनिया को अपने ओजस्वी ज्ञान से समृद्ध करने वाले आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज को देश और समाज के लिए उनके अनुकरणीय कार्यों, त्याग और तपस्या के लिए युगों-युगों तक याद किया जाएगा। मैं उनके चरणों में शीश नवाता हूं।



## 'जाति जनगणना देश का एक्सरे हैं'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जाति जनगणना देश का एक्सरे है, इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। स्वराज भवन से निकलकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास लक्ष्मी टाकीज चौराहे पर उन्होंने कहा, जाति जनगणना आपका (युवाओं) का हथियार है और आपको पता लगाना है कि आपकी आबादी कितनी है और दूसरे नंबर पर पता लगाना है कि देश के धन पर आपकी कितनी हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा, इस देश में 73 प्रतिशत जातियों के पास कितना धन है? जाति जनगणना देश का एक्सरे है। इससे सब पता लग जाएगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

भीड़ से एक छात्र को अपनी जीप पर बुलाकर राहुल गांधी ने उससे पूछा, आप कौन-से वर्ग से हैं। छात्र ने जवाब दिया कि वह ओबीसी वर्ग से है। इस पर राहुल गांधी ने कहा, देश में ओबीसी वर्ग 50 प्रतिशत है, दलित वर्ग 15 प्रतिशत है और आदिवासी वर्ग आठ प्रतिशत है। उन्होंने कहा, इस देश में आप जैसे युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। आपकी (ओबीसी, दलित, आदिवासी) आबादी 73 प्रतिशत है, लेकिन हिंदुस्तान में शीर्ष 200 कंपनियों में से एक कंपनी का भी मालिक ओबीसी, दलित नहीं है। देश के सबसे बड़े 90 आईएएस अधिकारियों की सूची में महज तीन लोग आपके वर्ग से हैं। मीडिया में आपका एक भी आदमी नहीं है।

## कांग्रेस की यात्रा की मीडिया में काफी चर्चा हुई, लेकिन यह वोट नहीं दिला सकती : संगमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिलांग/भाषा।** मेघालय के मुख्यमंत्री और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के अध्यक्ष कोनराड संगमा ने कहा है कि पूर्वोत्तर के कई राज्यों से होकर गुजरने वाली कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की मीडिया में काफी चर्चा हुई, लेकिन यह पार्टी को वोट नहीं दिला सकती है।

संगमा ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे नहीं लगता कि इस यात्रा से उन्हें वह परिणाम मिलेगा जो वे चाहते हैं। कांग्रेस ने इस यात्रा के लिए जितनी ऊर्जा और संसाधन लगाए हैं, वह आगामी चुनाव में वोट और सीट में परिवर्तित नहीं हो सकते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और यह यात्रा 22 जनवरी को मेघालय से होकर गुजरी थी। देश में अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले यह यात्रा आठ पूर्वोत्तर राज्यों में से पांच से होकर गुजरी थी। संगमा ने कहा, जब आप कुछ करते हैं, तो आप उसमें जो भी ऊर्जा लगाएंगे, जाहिर तौर पर उसका किसी न किसी तरह से कुछ प्रभाव पड़ेगा। सवाल ये है कि इसका कितना असर होगा। इस यात्रा में जितनी ऊर्जा लगाई गई है, क्या उससे उतनी ही मात्रा में वोट कांग्रेस पार्टी के पक्ष में आएंगे? मुझे इस पर संदेह है। मुख्यमंत्री ने कहा, हां, सच है कि मीडिया में इसकी बड़ी चर्चा है लेकिन चुनाव जीतना सिर्फ एक यात्रा से कहीं अधिक है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली के आरोप में 14 लोग और गिरफ्तार

**लखनऊ/बलिया/गोंडा (उप्र)/भाषा।** बलिया जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली करने के आरोप में नकल गिरोह के 11 सदस्यों समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में से एक सुल्तानपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में 'लैब टेक्नीशियन' है, जबकि एक अन्य मध्य प्रदेश के कटनी जिले में वन विभाग में कांस्टेबल है। बलिया के पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने रविवार को बताया कि पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार कर तीन गिरोहों का भंडाफोड़ किया है। वर्मा का दावा है कि वे पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में धांधली की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया अभय कुमार श्रीवास्तव सुल्तानपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग में 'लैब टेक्नीशियन' है जबकि फतेहबहादुर राजभर मध्य प्रदेश के कटनी जिले में वन विभाग में सिपाही है। उनके अनुसार पुलिस ने तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जो दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे। गोंडा जिले में पुलिस ने बिहार के नालंदा जिले के एक व्यक्ति समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले के कुंदन कुमार चौधरी को शनिवार शाम स्थानीय पुलिस की मदद से जिले के नवाबगंज कस्बे में एक परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया गया। उनके अनुसार वह सिपाही भर्ती के लिए मनकापुर थाना क्षेत्र के तन्मय सिंह की जगह परीक्षा दे रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने रविवार को तन्मय और उसके सहयोगी गोंडा जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र निवासी हरेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। हरेंद्र सिपाही भर्ती का अभ्यर्थी भी है।



## गठबंधन मजबूत, झारखंड में सरकार को कोई खतरा नहीं : मुख्यमंत्री सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के चार विधायकों को मंत्री के रूप में शामिल करने पर पार्टी विधायकों के एक वर्ग में नाराजगी की खबरों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने रविवार को कहा कि प्रदेश में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाला गठबंधन मजबूत है और राज्य में सरकार को कोई खतरा नहीं है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से नई दिल्ली में मुलाकात से पहले सोरेन ने यह टिप्पणी की। खरगे से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। हालिया मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने पर सोरेन ने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है।

सोरेन के साथ अपनी मुलाकात के बाद खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, आज झारखंड के मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन जी व झारखंड कांग्रेस के नेताओं के साथ मिलकर हमने पुनः साथ मिलकर तानाशाही (केंद्र) सरकार से लड़ने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, हम झारखंड में प्रगतिशील, जन-कल्याणकारी और सामाजिक न्याय की अपनी यात्रा जारी रखेंगे। खरगे के साथ बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, अखिल भारतीय कंग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के झारखंड प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर और प्रणव झा समेत अन्य मौजूद थे।

## अमेठी में एक ही दिन मौजूद होंगे राहुल और स्मृति ईरानी



**अमेठी (उप्र)/भाषा।** भारत जोड़ो यात्रा पर निकले अमेठी से पूर्व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी 19 फरवरी को एक बार फिर अमेठी में एक साथ मौजूद होंगे। ईरानी 19 फरवरी से अमेठी के चार दिवसीय दौरे पर आ रही हैं और संयोग से उसी दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी अपनी यात्रा पर अमेठी पहुंच रहे हैं। ईरानी अपने भाषणों में अमेठी से पूर्व सांसद राहुल गांधी और नेहरू गांधी परिवार की खुलकर आलोचना करती रही हैं। ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल को पराजित किया था। उसके बाद से अमेठी में वे दोनों सम्भवतः पहली बार एक साथ मौजूद होंगे।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि सांसद स्मृति ईरानी चार दिन अमेठी में रहेंगी। उनके मुताबिक इस दौरान गांवों में वह जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनेंगी तथा 22 फरवरी को अपने गृह प्रवेश कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी एवं पूजा-अर्चना करेंगी। कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी कल ही अमेठी पहुंच रही है।

## भारतीय महिलाओं ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**शाह आलम (मलेशिया)/भाषा।** युवा अनमोल खरब ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से पराजित करके इस प्रतियोगिता में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया।

भारतीय महिलाओं का टीम चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा।

अनमोल ने मैच के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। उन्होंने कहा, यह बड़ी चीज है क्योंकि यहां इतिहास रचा गया है। कल (सेमीफाइनल जीत के बाद) भारत में सब 'क्रेजी' हो गए थे क्योंकि जापान और चीन जैसे 'पावरहाउस' को हराना इतनी बड़ी बात है। आज भारत में और टीम में भी धूम से जश्न मनेगा। अनमोल ने कहा, मैं अपना शत प्रतिशत देना चाहती थी क्योंकि मुझ पर कोई भी दबाव नहीं था। हमें पांचवां मैच जीतने का भरोसा था। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक हासिल किए थे।

भारत के पूर्व कोच विमल कुमार ने पीटीआई से कहा, यह भारतीय बैडमिंटन के लिए यादगार क्षण है। इसका काफी श्रेय युवा खिलाड़ियों को जाता है।

उन्होंने जीत का जज्बा दिखाया और एक दूसरे का समर्थन किया। माहौल उसी तरह का था जैसे भारत की थॉमस कप में जीत के दौरान था। इसलिए यह भारत के लिए विशेष क्षण है।

# टेस्ट क्रिकेट मुश्किल है लेकिन मैं इसे यादगार बनने के लिए तैयार हूं : जायसवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजकोट/भाषा।** अपने आक्रामक क्रिकेट के दम पर करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस वामहस्त बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। इससे भरत ने चार विकेट पर 430 रन बना कर इंग्लैंड को जीत के लिए 557 रन का विशाल लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की टीम 122 रन पर आउट हो गई जिससे भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से जीत दर्ज की।

वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक टेस्ट पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी अपना नाम दर्ज कराया।

पांच मैचों की शृंखला में भारतीय टीम के 2-1 से बढ़त लेने के बाद जायसवाल ने कहा, टेस्ट क्रिकेट



कठिन है, लेकिन मैंने सोचा कि जब मैं टीम में हूं तो मुझे अपना 100 प्रतिशत देना होगा। उन्होंने कहा, मैं बस कोशिश कर रहा हूं। जब भी मैं क्रीज पर थोड़ा समय बिता लेता हूं तो मैं उसे बड़ी पारी में बदलने की कोशिश करता हूं। टेस्ट क्रिकेट में आपको अपनी पारी को बड़े स्कोर में बदलना होता है। जायसवाल ने अपने दोहरे शतक का विश्लेषण करते हुए कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा।

### रोहित ने जीत का श्रेय भारत के युवा खिलाड़ियों को दिया



**राजकोट/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यहां रनों के लिहाज से टीम की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने का श्रेय युवा और कम अनुभवी सदस्यों को दिया। भारत ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन जीत के लिए 557 रन का लक्ष्य देकर इंग्लैंड को महज 122 रन पर समेटकर पांच मैच की शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। रोहित ने भारत की जीत के बाद यहां मीडिया से कहा, निश्चित रूप से इस तरह मैच जीतना और विशेषकर इस तरह की युवा टीम के साथ जीतना बहुत ही अच्छा अहसास है। हमने सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को पदार्पण कराया और अंतिम एकादश में भी खिलाड़ियों ने ज्यादा टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। उन्होंने कहा, इनमें से काफी सारे खिलाड़ी क्रीज पर मिलने वाले अनुभव से सीख रहे हैं। हमें हैदराबाद और विशाखापत्नम में भी काफी कुछ सीखने को मिला। सरफराज और जुरेल ने मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। रोहित ने कहा कि भारत को सीनियर खिलाड़ियों चोटों से उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए काफी कड़ी मेहनत करनी होगी। हम जानते थे कि हमारे लिए शृंखला जीतना आसान नहीं होगा। हमें काफी मेहनत करनी होगी, विशेषकर जब हमारे अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ी हमारे साथ नहीं हैं। रोहित ने कहा, काफी श्रेय इन युवा खिलाड़ियों को जाता है जिन्होंने आते ही शानदार जज्बा दिखाया।

## महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम के कप्तान चुने गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे।

इस मौके को यादगार बनाने के लिए आईपीएल की टेलीविजन प्रसारक 'स्टार स्पोर्ट्स' ने पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे दिग्गज पूर्व क्रिकेटर शामिल थे। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक डेविड वार्नर और भारत के महान खिलाड़ी विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया



गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी शामिल को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है।

## सुविचार

यही दुनिया है; यदि तुम किसी का उपकार करो, तो लोग उसे कोई महत्व नहीं देंगे। किन्तु ज्यों ही तुम उस कार्य को बंद कर दोगे, वे तुरन्त तुम्हें बदमाश प्रमाणित करने में नहीं हिचकिचायेंगे।


## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बिल्ली के गले में घंटी

पाकिस्तान में उच्चतम न्यायालय 'बिल्ली के गले में घंटी' बांधने की कोशिश कर रहा है। क्या इस पड़ोसी देश के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज ईसा को नहीं मालूम कि यह 'बिल्ली' (फौज) बहुत पहले ही 'रंगा सियार' बन चुकी है? फैज ईसा द्वारा पाक सरकार से यह सुनिश्चित करने के वास्ते आश्वासन मांगा जाना अत्यंत हास्यास्पद है कि फौज 'कारोबार' के बजाय केवल रक्षा संबंधी मामलों पर ध्यान दे! अगर सरकार लिखित में ऐसा आश्वासन दे भी दे तो उसकी हैसियत रद्दी की टोकरी में पड़े कागज से ज्यादा नहीं है। पाक के पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने भी फौज को 'खूंटे से बांधने' के कई प्रयास किए थे, लेकिन आखिर में उन्हें फंदे पर लटका दिया गया। पाकिस्तान में कोई सरकार खुद फौज के रहमो-करम से सत्ता में रहती है। उसमें इतनी शक्ति नहीं कि फौज को आंखें दिखा सके। ऐसे में 'बिल्ली के गले में घंटी' कौन बांधेगा? फैज ईसा खुद इतनी हिम्मत क्यों नहीं दिखाते? वे एक आदेश जारी करें। उसके बाद खुद उसका 'असर' देख लें! कहा जाता है कि जब शेर के मुंह इन्सान का खून लग जाता है तो वह नरभक्षी हो जाता है। यहां पाक फौज की समानता 'शेर' के बजाय बिल्ली या सियार से बैठाना ही उचित है। उसके मुंह इतने लोगों का खून लग चुका है कि अब उसका अपनी मर्यादाओं तक सीमित रहना असंभव है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री लियाकत अली खान, जुल्फिकार अली भुट्टो, बेनजीर भुट्टो तो चुनिंदा नाम हैं। उसने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में 30 लाख लोगों का कत्ले-आम किया था। उसके बाद हजारों बलूचों का नरसंहार कर दिया।

क्या फैज ईसा इतनी आसानी से फौज को लगाम डाल देंगे? जहां तक 'कारोबार' का सवाल है तो पाकिस्तान में फौज सबसे बड़ा कारोबारी समूह है। वह आवासीय कॉलोनियों से लेकर शॉपिंग मॉल तक ... हर चीज बनाती है। उसके सीमेंट कारखाने, होटल, मैरिज हॉल भी चलते हैं। वह डायपर बनाती है। इसके अलावा बड़े शहरों में पानी के टैंकरों के जरिए खूब पैसा कमाती है। पाक फौज ईरान से तेल और अफगानिस्तान से अफीम की तस्करी करती है। इससे सिपाही से लेकर सेना प्रमुख तक, सब कमाई करते हैं। आमतौर पर सरहदी इलाका सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है, जहां बसावट को प्रोत्साहित नहीं किया जाता, लेकिन पाक फौज ने ऐसे कई इलाकों में प्लॉट काट दिए हैं। इसका सीधा-सा मतलब है कि उसने यह स्वीकार कर लिया कि अब उसमें युद्ध लड़ने की शक्ति नहीं रही है। अगर उसमें शक्ति होती तो सरहदी इलाकों में आवासीय योजनाएं चलाने के बजाय बंकर बनाती। पाकिस्तान की शीर्ष अदालत द्वारा इस बात पर जोर दिया जाना कि 'देश के सभी संस्थानों को अपनी संवैधानिक सीमाओं के भीतर रहना चाहिए', कोरे उपदेश से ज्यादा कुछ नहीं है। चूंकि वहां हर कोई वह काम करता है, जो उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। पाक में फौज सरकार को हांकती है, सरकार जनता को हांकती है और इन दोनों को आतंकवादी संगठन हांकते हैं। खुफिया एजेंसियां अपनी टांग अड़ाती रहती हैं। यह तमाशा देखकर विदेशी शक्तियां भी हस्तक्षेप करने के लिए आ जाती हैं। फैज ईसा इस तथ्य से भलीभांति परिचित हैं। वे जानते हैं कि उनके कहने मात्र से फौज को नकेल डालना संभव नहीं है, लेकिन ऐसी टिप्पणी कर 'इतिहास में नाम' दर्ज कराना चाहते हैं, ताकि उनके सेवानिवृत्त होने के बाद भी लोग उन्हें यह कहते हुए याद करें कि पाकिस्तान में एक न्यायाधीश ऐसे हुए थे, जिन्होंने फौज को नियंत्रित करने की कोशिश की थी! पाक फौज का जब तक अस्तित्व रहेगा, वह अपने ही लोगों का लहू पीती रहेगी। अगर वे इससे मुक्ति पाना चाहते हैं तो वही रास्ता अपनाना होगा, जो बांग्लादेश ने अपनाया था।

## ट्वीटर टॉक



मैं आज कांग्रेस को चेतावनी देना चाहता हूं कि आप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा कर केवल इस ऐतिहासिक पल का हिस्सेदार बनने से ही नहीं कतराएं हैं, बल्कि आपने देश को महान बनाने की प्रक्रिया से खुद को दूर कर लिया है।

**-अमित शाह**



पूज्य संत शिरोमणि जैन आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का ब्रह्मलीन होना न सिर्फ जैन समाज बल्कि देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मानवता, करुणा एवं त्याग की प्रतिमूर्ति रहे हैं।

**-सचिन पायलट**




हमारी कैबिनेट में रिकॉर्ड संख्या में पूर्वोत्तर के मंत्री हैं। नागालैंड से पहली बार एक महिला राज्यसभा में सांसद बन गई है। हमे गर्व है कि हमने पहली बार त्रिपुरा के व्यक्ति को मंत्री परिषद में स्थान दिया है। पहली बार हमारी सरकार में अरुणाचल प्रदेश को कैबिनेट मिनिस्टर मिला है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# आस्था का आत्मीय पक्ष



यह प्रसंग स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी के समय दक्षणेश्वर काली मंदिर का है। जन्माष्टमी का उत्सव था। पुजारी दोपहर की पूजा के पश्चात, भगवान कृष्ण के विग्रह को शयन के लिए दूसरे कमरे में ले जा रहा था। अचानक पुजारी का पैर फिसला और वह मूर्ति सहित फर्श पर जा गिरे। मूर्ति की एक अंगुली टूट गई। विग्रह के खंडित होने से अमंगल का खतरा देख भक्त भयाक्रांत हो गए। मंदिर की संस्थापिका रानी रासमणि को जब यह सूचना मिली, तो वह डर के मारे सिहर उठी। रानी रासमणि की उस विग्रह में अटूट श्रद्धा थी। पंडितों का मत था कि खंडित विग्रह को गंगा जी मे विसर्जित कर नई मूर्ति की स्थापना कर देनी चाहिए। रानी मां की श्रद्धा राम कृष्ण परमहंस में बहुत थी। जब समस्या के समाधान के लिए परमहंस जी से पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'परिवार में किसी की अंगुली टूट जाये तो उसको जोड़ते हैं न कि उसे विसर्जित कर देते हैं। उन्होंने बड़ी सफाई से उंगली को जोड़ दिया। भावना सर्वोपरि होती है, विधि-विधान नहीं। अब रानी मां का धर्म संकट समाप्त हो चुका था।

## सामयिक



**कांग्रेस पार्टी ने कमलनाथ को इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा कहकर शांत करने की कोशिश की। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमलनाथ को अपना तीसरा बेटा बताया था और उन अटकलों को खारिज कर दिया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। पटवारी ने संवाददाताओं से कहा, क्या आप इंदिरा जी के तीसरे बेटे के भाजपा में शामिल होने का सपना देख सकते हैं?**

# धुआं तभी उठता है जब चिंगारी लगी हो !

अशोक भाटिया
फोन 9221232130

राजनीति भी बेहद दिलचस्प होती है। यहां सामने कुछ और चलता है और परदे के पीछे कुछ और होता दिखाई दे जाता है। कुछ ऐसा ही मध्य प्रदेश में हो रहा है। आज के छोटे बड़े सभी अख़बारों में छप चुका है कि कमलनाथ व उनके बेटे नकुल नाथ कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे है। पर कमलनाथ व उनके बेटे नकुल नाथ अपने पत्ते खोलने को तैयार नहीं है। यह कहावत सही है कि जब तक चिंगारी न लगी हो धुआंनहीं उठता है। चारों तरफ धुआंफ़ैल चुका है पर कमलनाथ पत्ते खोलने को तैयार नहीं है। कमलनाथ व उनके बेटे नकुल नाथ इस समय दिल्ली में है और पूरा मीडिया उनके ऊपर ध्यान लगाए हुए है। जानकारों का कहना है कि इस समय दिल्ली में भाजपा का अधिवेशन चल रहा है। इसके समाप्त होते ही पत्ते खुल सकते है यानी आज शाम तक कमलनाथ अपने पत्ते खोल सकते है।

यह जानना भी जरुरी है कि 45 वर्षों से कांग्रेस के वफादार रहे कमलनाथ ने पाला बदलने कि क्यों ठानी। यह जानने के लिए हमें थोडा पीछे जाना होगा। मध्य प्रदेश के दिग्गज कांग्रेसी नेताओं दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की जोड़ी फिलहाल राहुल गांधी पर भारी पड़ चुकी थी। पूरा का पूरा मामला राज्यसभा चुनाव को लेकर था। दरअसल, राहुल गांधी राज्यसभा चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश से किसी और को टिकट देना चाहते थे। लेकिन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की चाहत कोई और था। आखिरकार दिग्विजय सिंह और कमलनाथ ने जोर लगाया और अपने पसंदीदा उम्मीदवार को टिकट दिलाने में कामयाबी हासिल कर ली। यह कहीं ना कहीं यह राहुल गांधी के लिए असमंजस की स्थिति बन चुकी थी।

मीडिया में छपी खबरों के अनुसार मध्य प्रदेश से राज्यसभा के टिकट के लिए राहुल गांधी वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन की पैरवी कर रहे थे। लेकिन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ लगातार अशोक सिंह के पक्ष में खड़े रहे। इसके बाद मीनाक्षी नटराजन का टिकट काटकर अशोक सिंह को दिया गया। खबर तो यह भी है कि कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व भी राहुल गांधी की विश्वासपात्र और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का समर्थन किया था। ऐसे में सवाल यह है कि फिर अशोक सिंह की एंट्री कहां से हो गई? दरअसल, अशोक सिंह ग्वालियर से लगातार चार लोकसभा चुनाव में हार का सामना कर चुके हैं। हालांकि, उनके समर्थक नेताओं ने तर्क दिया कि हमेशा वे कड़े मुकाबले में हारे हैं। दूसरे नंबर पर ही रहे हैं। वह ज्योतिरादित्य सिंधिया के विरोधी माने जाते हैं। अशोक सिंह को राज्यसभा का टिकट दिए जाने के बाद ग्वालियर चंबल क्षेत्र में सिंधिया के प्रभाव को कम करने में कांग्रेस को मदद मिल सकती है।

हाल के विधानसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल क्षेत्र में कांग्रेस को जबर्दस्त हार मिली थी। यही कारण है कि कांग्रेस वहां धाक जमाने की जुगत में थी। इसके अलावा अशोक सिंह ओबीसी समाज से आते हैं। वह भी उनके पक्ष में चला गया। इसके बाद मीनाक्षी नटराजन के नाम की चर्चा बंद हो गई। अशोक सिंह को दिग्विजय सिंह का वफादार माना जाता है। लेकिन इस बार कमलनाथ ने भी उनका समर्थन कर दिया। कहा जा रहा है कि कमलनाथ खुद राज्यसभा जानना चाहते थे। लेकिन उन्हें केंद्रीय नेतृत्व से हरी झंडी नहीं मिली। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ को अशोक सिंह का समर्थन करने को कहा था और वह सहमत भी हो गए।

कमलनाथ लगातार नटराजन का विरोध कर रहे थे। नटराजन ने पहले 2009 में मंदसौर लोकसभा सीट जीती थी। लेकिन उसके बाद उन्हें लगातार चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी के कई प्रोजेक्ट पर मीनाक्षी नटराजन ने काम किया है। इस वजह से भी राहुल उन्हें राज्यसभा भेजना चाहते थे। इस घटनाक्रम से यह भी पता चल गया कि भले ही मध्य प्रदेश में चुनावी हार मिलने के बाद कमलनाथ को पार्टी अध्यक्ष पद से दूर होना पड़ा। लेकिन अभी भी उनका प्रभाव है। केंद्रीय नेतृत्व अभी भी उन्हें नाराज नहीं करना चाहता था। पर अंगार तो लग चूका था।

जनवरी में कमलनाथ ने सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने के सवाल को खारिज कर दिया था, लेकिन कहा था कि राजनीतिक नेता स्वतंत्र हैं और किसी भी संगठन से जुड़े होने के लिए बाध्य नहीं हैं। अफवाहों ने तब जोर पकड़ लिया जब कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ ने भी अपने एक्स अकाउंट में अपना बायो बदल लिया। अटकलों के मुताबिक कई विधायक भी कमलनाथ के साथ जा सकते हैं। बीजेपी प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने सोशल मीडिया पर कमल नाथ और नकुल नाथ की फोटो पोस्ट करते हुए ट्वीट किया, 'जय श्री राम'। इसी को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह से सवाल पूछा गया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कल रात मेरी कमल नाथ जी से बातचीत हुई। वह छिंदवाड़ा में हैं।

दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि ये वो शख्स हैं जिन्होंने अपना राजनीतिक करियर नेहरू-गांधी परिवार से शुरू किया था। आप उस शख्स से ये उम्मीद नहीं कर सकते कि वो सोनिया गांधी और इंदिरा गांधी के परिवार को छोड़ देगा। वीडी शर्मा से जब कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को खारिज कर दिया है। कांग्रेस में ऐसे लोग हैं जो इससे परेशान हैं। कांग्रेस भगवान राम का अपमान करती है और कांग्रेस में ऐसे लोग हैं जो इससे दुखी हैं और हमें लगता है कि उन्हें मौका मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप जिनका नाम ले रहे हैं (कमलनाथ) को भी पीड़ा है तो उसका भी स्वागत है।

उनके बेटे नकुल नाथ, जिन्होंने हाल ही में पॉकेट बोरो छिंदवाड़ा से अपनी उम्मीदवारी की एकतरफा घोषणा की है, ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से 'कांग्रेस' शब्द हटा दिया है। ऐसे में सवाल उट रहा है कि आखिर इंदिरा गांधी के तीसरे बेटे के तौर पर देखे जाने वाले कमलनाथ का कांग्रेस से मोहभंग कैसे हो रहा है? कमलनाथ के करीबी सज्जन सिंह वर्मा ने संकेत दिया कि उनके बॉस का अपमान किया गया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि नेता के आत्मसम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि राजनीति में तीन चीजें काम करती हैं- मान, अपमान और स्वाभिमान, जब इन पर चोट लगती है तो इंसान अपने फैसले बदल लेता है।जब ऐसा शीर्ष राजनेता जिसने पिछले 45 साल में कांग्रेस और देश के लिए बहुत कुछ किया हो, आगे बढ़ने की सोचता है अपनी पार्टी से दूर हैं तो इसके पीछे ये तीन फैक्टर काम करते हैं। कमलनाथ को गांधी नेहरू परिवार का काफी करीबी बताया जाता है।

कमलनाथ राजनीति में संजय गांधी के साथ ही आए थे। संजय गांधी और कमलनाथ दोनों बचपन के दोस्त थे और दून स्कूल में साथ में पढ़ाई की थी। संजय गांधी की दोस्ती के कारण ही उन्होंने 1968 में राजनीति की शुरुआत की। आपातकाल के दौरान संजय गांधी ने युवाओं की जो टीम बनाई थी उसमें कमलनाथ का भी बड़ा रोल था। कानपुर के होने के बावजूद भी कमलनाथ ने छिंदवाड़ा से चुनाव जीता। यह इंदिरा गांधी का ही भरोसा था। उन्होंने छिंदवाड़ा में प्रचार के दौरान ही राजीव गांधी और संजय गांधी के बाद कमलनाथ को अपना तीसरा बेटा बताया था।

इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने कमलनाथ को इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा कहकर शांत करने की कोशिश की। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमलनाथ को अपना तीसरा बेटा बताया था और उन अटकलों को खारिज कर दिया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। पटवारी ने संवाददाताओं से कहा, क्या आप इंदिरा जी के तीसरे बेटे के भाजपा में शामिल होने का सपना देख सकते हैं? उन्होंने कहा कि कमलनाथ बुरे दौर में कांग्रेस के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहे जब ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्च 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनके (कमलनाथ के) नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। उन्होंने कहा कि पहली बार जब कमल नाथ ने चुनाव लड़ा था, तब इंदिरा गांधी ने कहा था कि कमल नाथ उनके तीसरे बेटे हैं।

अंत में यह भी खुलासा हुआ है कि कमलनाथ देर रात भाजपा के बड़े नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं, 12 विधायकों और 3 महापौर के भी दिल्ली पहुंचने की संभावना है। कमलनाथ के करीबी विधायकों में सुनील उईके जुन्नारदेव, सोहन वाल्मीकि परासिया, विजय चौरे सौंसर, निलेश उईके पांढुर्णा, सुजीत चौधरी चौरई, कमलेश शाह अमरवाड़ा, दिनेश गुर्जर मुरैना, संजय उईके बैहर, मधु भगत परसवाड़ा, विवेक पटेल वारासिवनी के अलावा मुरैना और छिंदवाड़ा महापौर शामिल हैं।तो आग जोर पकड़ती रही, पर इसे बुझाने की कवायद कांग्रेस की फायर ब्रिगेड में कहीं नजर नहीं आई। राहुल गांधी अपनी यात्रा में मस्त रहे । धुआं उठता रहा और धुएं ने यह साफ कर दिया कि कार्बन डाई ऑक्साइड की अधिकता से मध्यप्रदेश कांग्रेस का दम घुट सकता है। यदि नाथ ने कमल खिलाया तो मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर कमल तो खिलेगा ही और कांग्रेस अनाथ सी भी नजर आती रहेगी।

## विशेष

# ब्रह्मर्षि, देवर्षि एवं त्रिकालदर्शी थे रामकृष्ण परमहंस

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

अंगुलियों पर गिने जाने योग्य कुछ महान व्यक्तियों को समय-समय पर भारत की रत्नगर्भा वसुंधरा ने पैदा किया, जिनकी आध्यात्मिक चेतना एवं सिद्धियों से समूची दुनिया चमत्कृत होती रही है। जो युग के साथ बहे नहीं, युग को अपने बहाव के साथ ले चले। ऐसे लोग सच्चे जीवन के धनी और जीवन-चैतन्य से ओतप्रोत है। वे स्वयं आगे बढें, जन-जन को बढ़ाते चलें। ऐसे महापुरुषों-युगपुरुषों-युगांतरकारी सिद्धपुरुषों का जीवन साधनामय होता है और जन-जन को वे साधना की पगडंडी पर ले जाते हैं, प्रकाश स्तंभ की तरह उन्हें जीवन पथ का निर्देशन देते हैं एवं प्रेरणास्रोत बनते हैं। जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कर्तृत्व से न सिर्फ स्वयं को प्रतिष्ठित किया वरन उनके अवतरण से समग्र विश्व मानवता धन्य हुई है। इसी संतपुरुषों, गुरुओं एवं महामनीषियों की शृंखला में एक महापुरुष हैं रामकृष्ण परमहंस।

स्वामी रामकृष्ण परमहंस एक महान संत, उच्चकोटि के साधक, विचारक, समाज सुधारक एवं सिद्धपुरुष थे। वे स्वयं भगवान नहीं थे, लेकिन भगवान से कम भी नहीं थे। उनका जन्म फाल्गुन शुक्ल की द्वितीया तिथि यानी 18 फरवरी 1836 को बंगाल प्रांत के कामारपुकुर गांव में हुआ था। जन्म के पहले ही उनके माता-पिता को कुछ अलौकिक लक्षणों का अनुभव होने लगा था, जिसके अनुसार वे यह समझ गए थे कि कुछ शुभ होने वाला हैं। इनके पिता ने सपने में भगवान विष्णु को अपने घर में जन्म लेते हुए देखा तथा माता को शिव मंदिर में ऐसा प्रतीत हुआ कि एक तीव्र प्रकाश इनके गर्भ में प्रवेश कर रहा हैं। इस साल 2024 में उनकी 189वीं जयंती व्यापक स्तर पर मनायी जा रही है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने सभी धर्मों को एक बताते हुए उनकी एकता पर जोर दिया था। उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति की। अपनी साधना से रामकृष्ण इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं है। वे ईश्वर तक पहुंचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। भारत का जन-जन रामकृष्ण परमहंस की परमहंसी साधना का साक्षी है, उनकी गहन तपस्या के परमाणुओं से अभिषिक्त है यहां की माटी और धन्य है यहां की हवाएं जो इस भक्ति और साधना के शिखरपुरुष के योग से आप्लावित है। संसार के पूर्णत्व को जो प्राप्त हैं, उन इने-गिने व्यक्तियों में वे एक थे। उनका जीवन ज्ञानयोग, कर्मयोग एवं भक्तियोग का समन्वय था।



यो तो रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। जिनमें एक थी भैरवी जिन्होंने उन्हें अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गुरु तोतापुरी सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को परमशिव के निराकार रूप के साथ पूर्ण संयोग की दीक्षा दी। पर आजीवन तो उन्होंने मां काली की ही आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। मां से सीधा उनका साक्षात्कार एवं संवाद होता था। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्ध मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे।

रामकृष्ण परमहंस के पास जो कोई भी जाता वह उनकी सरलता, निश्चलता, भोलेपन और त्याग से इतना अभिभूत हो जाता कि अपना सारा पांडित्य भूलकर उनके पैरों पर गिर पड़ता था। गहन से गहन दार्शनिक सवालों के जवाब भी वे अपनी सरल भाषा में इस तरह देते कि सुनने वाला तत्काल ही उनका मुरीद हो जाता। इसलिए दुनियाभर की तमाम आधुनिक विद्या, विज्ञान और दर्शनशास्त्र पढ़े महान लोग भी जब दक्षिणेश्वर के इस निरक्षर परमहंस के पास आते तो अपनी सारी विद्वता भूलकर उन्हें अपना गुरु मान लेते थे। उनके शिष्यों की भी लम्बी श्रृंखला है, जिनमें स्वामी विवेकानन्द, दुर्गाचरण नाग, स्वामी अद्भुतानंद, स्वामी ब्रह्मानंदन, स्वामी अद्यतानन्द, स्वामी शिवानन्द, स्वामी प्रेमानन्द, स्वामी योगानन्द थे। ईश्वरचंद्र विद्यासागर, विजयकृष्ण गोस्वामी, केशवचन्द्र सेन जैसे बंगाल के शीर्ष विचारक उनसे प्रेरणा प्राप्त करते थे। उन्होंने खुद एवं अपने शिष्यों के माध्यम से सारा जीवन नि:स्वार्थ मानव सेवा के लिये व्यतीत किया, इनके विचारों का न केवल बंगाल के बल्कि सम्पूर्ण राष्ट्र के बुद्धिजीवियों पर गहरा सकारात्मक असर पड़ा तथा वे सभी इन्हीं की राह पर चल पड़े। रामकृष्ण परमहंस ने भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित करने की जागृत प्रेरणा दी। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। अध्यात्म और संस्कृति के वे प्रतीकपुरुष हैं। जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। इन्होंने सभी धर्मों और जातियों की एकता तथा समानता हेतु जीवनभर कार्य किया, परिणामस्वरूप इन्हें राम-कृष्ण नाम सर्व साधारण द्वारा दिया गया एवं इनके उदार विचार एवं व्यापक सोच के प्रति सभी समभाव रखते थे इसी कारण उन्हें परमहंस की उपाधि प्राप्त हुई। इन्होंने मुस्लिम तथा ईसाई धर्म की भी साधनाएँ की और सभी में एक ही ईश्वर को देखा। परमहंस के भोले प्रयोगवाद में वेदांत, इस्लाम और ईसाइयत सब एक रूप हो गए थे। निरक्षर और पागल तक कहे जाने वाले रामकृष्ण परमहंस ने अपने जीवन से दिखाया था कि धर्म किसी मंदिर, गिरजाघर, विचारधारा, ग्रंथ या पंथ का बंधक नहीं है।

श्री रामकृष्ण परमहंस की भक्ति एवं साधना ने हजारों-लाखों को भक्ति-साधना के मार्ग पर अग्रसर किया। उनके जादुई हाथों के स्पर्श ने न जाने कितने व्यक्तियों में नयी चेतना का संचार हुआ, उन जैसे आत्मद्रष्टा ऋषि के उपदेशों का अचिन्त्य प्रभाव असंख्य व्यक्तियों के जीवन पर पड़ा। उनके प्रेरक जीवन ने अनेकों की दिशा का रूपान्तरण किया। उनकी पावन सन्निधि भक्ति, साधना एवं परोपकार की नयी किरणें बिखेरती रही अतः वे साधक ही नहीं, साधकों के महानायक थे। वे ब्रह्मर्षि और देवर्षि थे- साधना-भक्ति के नये-नये प्रयोगों का आविष्कार किया इसलिये ब्रह्मर्षि और ज्ञान का प्रकाश बांटते रहे इसलिये देवर्षि। माँ काली की कृपा से वे त्रिकालदर्शी महापुरुष बन गए थे।

स्वामी विवेकानंद उनके प्रमुख शिष्य थे, उनके विचारों तथा भावनाओं का स्वामीजी ने सम्पूर्ण विश्व में प्रचार किया तथा हिन्दू सभ्यता तथा संस्कृति की अतुलनीय परम्परा को प्रस्तुत किया। स्वामीजी ने परमहंस जी के मृत्यु के पश्चात रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो सम्पूर्ण विश्व में समाज सेवा, शिक्षा, योग, हिन्दू दर्शन पर आधारित कार्यों में संलग्न रहती हैं तथा प्रचार करती हैं, इनका मुख्यालय बेलूर, पश्चिम बंगाल में हैं। रामकृष्ण परमहंस, ठाकुर नाम से जाने जाने लगे थे, बंगाली में ठाकुर शब्द का अभिप्राय ईश्वर होता हैं, सभी उन्हें इसी नाम से पुकारने लगे थे। उन्होंने स्वयं ही प्रेरक जीवन नहीं जीया, लोकजीवन को ऊंचा उठाने का जो हिमालयी प्रयत्न किया है, वह भी अद्भुत एवं विस्मयकारी है। ऐसे दिव्य संतपुरुष की नया भारत-सशक्त भारत में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके जन्म दिवस श्रद्धासुमन समर्पित है।

महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## उरी में एलओसी के निकट स्थापित 'सेल्फी प्वाइंट' बना पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र

उरी (जम्मू कश्मीर)। कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकट एक 'सेल्फी प्वाइंट' पर्यटकों के लिए आकर्षण का एक प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां पर वे उरी की मनमोहक सुंदरता और झेलम नदी के मनोरम नजारे को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'इंडिया सेल्फी पॉइंट' आगंतुकों को क्षेत्र में राष्ट्रवाद की भावना का वातावरण प्रदान करता है। सेना ने पिछले साल यहां एलओसी पर जीरो-प्वाइंट 'कमान सेतु' को पर्यटकों के लिए खोल दिया था। इस साल गणतंत्र दिवस के आसपास 'सेल्फी प्वाइंट' को आम लोगों के लिए खोला गया था।

# 'पीटीआई' ने चुनाव में कथित धांधली को लेकर निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है।

रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।

चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करने के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

### सेल्फी



दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के चाइनाटाउन में पर्यटक सेल्फी लेते हुए।

# विकास के लिए दृष्टिकोण रखने का अवसर देती है राजनीति : आलोक रंजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का मानना है कि राजनीति देश की सेवा करने का सर्वोत्तम अवसर देती है क्योंकि व्यक्ति देश के विकास के लिए दृष्टिकोण पेश कर सकता है। रंजन, उत्तर प्रदेश से राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने की तैयारी में हैं। उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 10 सीट के लिए 27 फरवरी को चुनाव होगा। समाजवादी पार्टी ने रामजी लाल सुमन और जया बच्चन के साथ रंजन को भी अपना उम्मीदवार बनाया है। रंजन ने उम्मीद जताई है कि उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए सपा के सभी तीन उम्मीदवार चुनाव जीतेंगे।

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1978 बैच के अधिकारी रंजन ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में एक इंटरव्यू में कहा, राजनीति देश की सेवा करने का सर्वोत्तम मौका देती है और यह लोक सेवाओं से भी परे हैं।

रंजन ने कहा, चुनाव कराना एक अलग चीज है। यह एक प्रशासनिक चीज है और चुनाव लड़कर आप राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनते हैं जो कि बिल्कुल अलग चीज है। यह पूछे जाने पर कि राज्यसभा चुनावों के लिए हाल ही में नामांकन दाखिल करने के बाद क्या उन्होंने खुद को मुख्यधारा की राजनीति के हिसाब से ढाल लिया है तो रंजन ने कहा, मैंने नयी राजनीतिक व्यवस्था के मुताबिक खुद को नहीं ढाला है। मैं एक अधिकारी रहा हूं और मुझे मेरी काबीलियत, बौद्धिक क्षमता और प्रदर्शन के मुताबिक तैनाती मिली। यह पूछे जाने पर कि किया वह राजनीति से जुड़ने के लिए पहले से तैयार थे या फिर अचानक आना हुआ, रंजन ने कहा, मुझे राजनीति में आने में कोई आपत्ति नहीं है। राजनीति इस देश की सेवा करने का सर्वोत्तम अवसर है जो लोक सेवाओं से परे है क्योंकि आप काफी हद तक नियमों और प्रक्रियाओं से बंधे नहीं होते और आप एक दूरदृष्टि दे सकते हैं।उन्होंने भरोसा जताया कि 27 फरवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव में सपा के सभी तीन उम्मीदवार (जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन स्वयं) बड़े आराम से जीतेंगे।

# गौरी पार्वती बाई : 200 वर्ष पहले दहेज प्रथा पर लगाम लगाने के लिए शाही फरमान जारी करने वाली एक रानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुवनंतपुरम। दहेज के नाम पर महिलाओं से क्रूर व्यवहार करने और उन्हें प्रताड़ना देने के बारे में सुनने से वर्षों पहले दक्षिण भारत के त्रावणकोर में एक दूरदर्शी रानी ऐसी भी थी जिसने दहेज की समस्या पर लगाम लगाने के लिए पहल की थी। प्राचीन अभिलेखों से इस बात की जानकारी मिली है। महारानी गौरी पार्वती बाई ने ब्राह्मण समुदाय में महिलाओं से शादी करने के लिए अत्यधिक 'वरदक्षिणा' (कुछ समुदायों में दहेज के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द) मांगने की प्रथा पर सवाल उठाया और वर्ष 1823 में इसकी राशि को सीमित करने का एक फरमान जारी किया। यह क्रांतिकारी फैसला वर्ष 1815 से 1829 की अवधि के दौरान त्रावणकोर पर शासन करने वाली रानी ने लिया था।

हाल के वर्षों में जिस तरह से राज्य भर में महिलाओं पर क्रूर हमलों और दहेज से संबंधित आत्महत्याओं की बढ़ती घटनाएं सामने आ रही है ऐसे में दो शताब्दी से अधिक पुराना शाही फरमान अब भी केरल में महत्व रखता है। हाल ही में इस तरह की एक घटना सामने आई थी, जिसमें एक महिला चिकित्सक ने दहेज के रूप में ज्यादा सोना, लक्जरी कार और संपत्ति की मांग करने वाले मंगेतर के शादी से मुकर जाने के बाद आत्महत्या कर ली थी। आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया गया था हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। महारानी का 19वीं शताब्दी का यह शाही फरमान अब भी राज्य अभिलेखागार में उपलब्ध है और इस बात का संकेत देता है कि यह खतरा दो शताब्दी पहले भी देश के इस हिस्से में गहराई तक जड़ें जमा चुका था। रानी पार्वती बाई ने अपने ऐतिहासिक आदेश में 19वीं शताब्दी के दौरान ब्राह्मण समुदाय के 'नंबूथिरी' और 'पोट्टी' वर्गों में महिलाओं की दुर्दशा की ओर इशारा किया। तत्कालीन सामाजिक प्रथाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने अपने आदेश में कहा कि रियासत में प्रचलित व्यवस्था के अनुसार समुदाय की लड़कियों की शादी 10-14 वर्ष की आयु के भीतर कर दी जानी चाहिए।

### कार्यक्रम



रविवार को हैदराबाद के बंजारा हिल्स में एशिया ज्वेल्स शो के भव्य पूर्वावलोकन कार्यक्रम स्टार्टिंग द काउंटडाउन इवेंट में अभिनेत्री श्रावंती चोकारोपु, उर्मिला चौहान।

## जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग ने जर्मनी में मुलाकात की

बीजिंग/म्यूनिख। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन की बैठक के दौरान हुई थी।



# फिल्म 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई/वार्ता

मैड्ज मूवी प्रस्तुत ,वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें।

गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

# जिम में पसीना बहा रही हैं एक्ट्रेस हिना खान

मुंबई/एजेन्सी



ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में अपने वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर की। हिना ने बताया कि उन्होंने फिट रहने के लिए अपने वर्कआउट में स्किपिंग और वेट ट्रेनिंग को शामिल किया है। उन्होंने कहा कि फिट रहने के लिए वह स्ट्रिक्ट डाइट की बजाय एक्सरसाइज पर भरोसा करती हैं। कोलकाता में एक म्यूजिक वीडियो की शूटिंग पूरी करने के बाद हिना मुंबई वापस आ गई हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिना ने जिम की एक झलक शेयर करते हुए लिखा, कुल सात किमी दौड़ी,1500 स्किप्स और कुछ बॉडी वेट ट्रेनिंग करनी पड़ेगी, ऑप्शन नहीं है। जिस स्पीड से मैं खाती हूं, माशा अल्लाह, नजर मत लगाना प्लीज. सारी कैलोरी बर्न कर दूंगी, बस खाना नहीं रुकना चाहिए। मैं डाइटिंग नहीं करती, एक्सरसाइज करती हूं. एक ही तो जिंदगी है, खाओ-पियो मस्त रहो।

एक दूसरी स्टोरी में हिना ने जिम में वर्कआउट करते और पसीना बहाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। इसे कैप्शन दिया कि रोशोगुल्ला, कचौरी, बिरयानी, जलेबी, पुचका, चिकन रोल्स सब याद कर-करके मैं वर्कआउट कर रही हूं। अभिनेत्री अपनी कोलकाता यात्रा का जिक्र कर रही थीं, जहां उन्होंने स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। हिना ने 'बिग बॉस 17' के विजेता मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की-हल्की सी नामक एक संगीत वीडियो में काम किया। गाने को असीस कौर और साज भट्ट ने गाया है। गीतकार और संगीतकार संजीव चतुर्वेदी हैं, जबकि वीडियो ए ट्रू मेकर्स फिल्म द्वारा शूट किया गया है। अंशुल गर्ग द्वारा प्रस्तुत इस गाने का टीजर 20 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज किया जाएगा।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है।सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर 'योद्धा' का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में सिद्धार्थ अपने लक्ष्य पर फोकस करते हुए दिखाई हुए दे रहे हैं। हाथों में बंदूक लिए सिद्धार्थ अपने लक्ष्य की ओर नजरें टिकाए हुए हैं। फिल्म में उनका अवतार बहुत धांसू दिख रहा है। इसे शेयर करते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कैप्शन में लिखा, फोकस सेट, मंजिल नजर में!

'योद्धा' एक प्लेन हाईजैक की कहानी पर आधारित फिल्म है। फिल्म में दिखाया जाएगा कि प्लेन को आतंकवादियों द्वारा हाईजैक कर लिया जाता है। तब ऑफ-ड्यूटी सैनिक (सिद्धार्थ) पैसेंजर्स को आतंकवादियों से बचाने के लिए एक रणनीति तैयार करता है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है।यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

# अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा

मुंबई/वार्ता



जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है।

इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी। लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया। उम्मीद करती हूं ट्रेलर दुनिया भर के लोगों को पसंद आए और वह इस म्यूजिकल प्ले को देखने अमेरिका के विभिन्न शहरों में आएं। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव स्टारर म्यूजिक प्ले 'उमराव जान अदा: द वेस्टेंड म्यूजिकल' अप्रैल, मई और जून 2024 में उत्तरी अमेरिका के विभिन्न शहरों के मंच की शोभा बढ़ाएगा। यह प्ले राजीव गोस्वामी निर्देशित है।

# वेबसीरीज 'शो टाइम' में सुपरस्टार के किरदार में नजर आयेंगे राजीव खंडेलवाल



मुंबई/वार्ता

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आयेंगे। राजीव खंडेलवाल इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है।करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनायी गयी है।राजीव खंडेलवाल ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव खंडेलवाल ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। 'इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। हालांकि, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। इन सुपरस्टार्स को हमने अतीत में देखा है।

राजीव खंडेलवाल ने कहा,शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरूताओ दौर में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। 'मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं। मैं बहुत अलग इंसान हूं, इसलिए यदि आप मेरे करियर ग्राफ या मेरी पसंद को देखेंगे, तो आपको अहसास होगा कि मैं उन कलाकारों में से नहीं हूं। मैं इस किरदार से बिल्कुल भी जुड़ा नहीं हूं; यह मैं बिल्कुल नहीं हूं. लेकिन एक अभिनेता के रूप में, मैंने सोचा कि यदि मैं इसे हासिल कर सका, तो यह एक व्यक्तिगत जीत होगी। जिस तरह से यह हुआ उससे मैं बहुत खुश हूं।शो टाइम का उद्देश्य हिंदी फिल्म उद्योग की कमजोरियों को उजागर करना है। शो टाइम में इमरान हाशमी, मौनी रॉय, नसीरउद्दीन साह ,श्रिया सरन, राजीव खंडेलवाल, विशाल वशिष्ठ और महिमा मकवाना,की अहम भूमिका है।धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट द्वारा निर्मित, सुमित रॉय और शोरनर मिहिर देसाई द्वारा रचित एवं लिखित, इस सीरीज का निर्देशन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने किया है। वेबसीरीज शोटाइम 8 मार्च 2024 को डिज्नी+हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।



# पंजाब एसोसिएशन द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पंजाब एसोसिएशन का मेगा स्वास्थ्य शिविर रविवार को अन्नानगर के अन्ना आदर्श महिला कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें 600 से अधिक रोगियों और आम जनता ने भाग लिया। यह निःशुल्क शिविर पंजाब एसोसिएशन की मेडिकल विंग द्वारा पंजाब महिला एसोसिएशन, पंजाब यूथ एसोसिएशन रजिस्टर्ड, आदिनाथ जैन ट्रस्ट, अपोलो हॉस्पिटल्स और लायंस ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया था।

एक धर्मार्थ ट्रस्ट अरन्या फाउंडेशन की अध्यक्ष और प्रबंध ट्रस्टी सुश्री शिल्पम कपूर राठौड़ ने स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया और जीवन बचाने में चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व के बारे में बात की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों, अभिभावकों और स्वयंसेवकों ने भी हिस्सा लिया। स्वास्थ्य शिविर में रक्त शर्करा, रक्तचाप परीक्षण, ईसीजी, ईसीएचओ, दंत चिकित्सा और नेत्र विज्ञान और विशेषज्ञों से मुफ्त परामर्श सहित कई सेवाएं शामिल थीं। इसके अलावा, एक रक्तदान अभियान और विकलांग लोगों को मुफ्त कृत्रिम अंगों का वितरण भी आयोजित किया गया।






# मेधावी विद्यार्थियों एवं श्रेष्ठ अध्यापकों का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां अग्रवाल विद्यालय एण्ड जूनियर कॉलेज के एसी ऑडिटोरियम हॉल में दसवी और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बोर्ड की परीक्षश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए मेधावी विद्यार्थियों एवं श्रेष्ठ अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीजी वैष्णव कॉलेज के सचिव अशोक कुमार मूंधड़ा ने मुख्य अतिथि के पद को सुशोभित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी ने अपने स्वागत भाषण से सभी अतिथियों का स्वागत किया। सामाजिक विज्ञान विभागाध्यक्ष सतीश बाबू ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। विद्यालय के सचिव मुरारी लाल सोंथालिया ने शॉल ओढाकर, प्रधानाचार्या विजयलक्ष्मी ने पुष्प गुच्छ तथा अध्यक्ष मधुसूदन खेमका ने स्नेह भेंट प्रदान कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया।

इस समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा स्कूल मैगजीन अग्र ज्योति 2023- 24 का लोकार्पण किया गया। तदुपरान्त् वर्ष 2022-2023 के 12वीं में विद्यालय के टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में 25 वर्ष, 20 वर्ष तथा 10 वर्ष के सफल एवं श्रेष्ठ कार्य को पूर्ण करने के लिए भी शिक्षकों एवं अन्य गैर शिक्षक कर्मचारियों को उनकी समर्पित सेवा के लिए पुरस्कार स्वरूप नगद राशि प्रदान की गई।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रिंसिपल विजयलक्ष्मी ने आइडियल एजुकेशनलिस्ट का अवार्ड अपने नाम किया। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष जयंती ने मंच का कुशल संचालन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मधुसूदन खेमका, सचिव मुरारीलाल सोंथालिया, कोषाध्यक्ष सांवरमल खेमका समेत सभी बंदोबस्ती पुरस्कार प्रायोजक, वरिष्ठ उप प्रधानाचार्य रघुदेव, उपप्रधानाचार्या माहेश्वरी मारन, आदि अपनी उपस्थिति थे।




# सकारात्मक चिन्तन सम्पन्न बने : साध्वी डॉ गवेषणाश्रीजी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/विल्लुपुरम। यहां श्री सुसवाणी माता ट्रस्ट भवन में उपस्थित जनमेदनी को तेरापंथ धर्म संघ के अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी की शिष्या साध्वी डॉ गवेषणाश्री ने धर्म परिषद् को सकारात्मक विचार सम्पन्न बनने की प्रबल प्रेरणा दी। साध्वीश्री ने कहा कि व्यक्ति को अपने दिल और दिमाग को खुला रखना चाहिए। अहिंसक जीवन शैली को अपनाते हुए अपनी सुखसुविधाओं में अतिभोगी नहीं बने। अणुव्रत आन्दोलन के 75वें अमृत महोत्सव वर्ष को परिलक्षित करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि गणाधिपति पुज्य गुरुदेव तुलसी ने हमें अणुव्रत का अवदान दिया। हम अणुव्रत को अपनाते हुए हिंसा के अल्पीकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण में सहभागी बने।

नमस्कार महामंत्र और अणुव्रत संगान से प्रारंभ कार्यक्रम में कथानक के माध्यम से साध्वीश्री ने विशेष पाथेय प्रदान किया कि ईर्ष्यावान व्यक्ति दूसरों से पहले स्वयं अपना ही अहित कर लेता है, अतः माइंड को ब्रॉड रखें। सबके साथ हिल मिल कर रहे। चेन्नई श्रावक समाज के दर्शन करने आने पर साध्वीश्री ने कहा कि यह तेरापंथ धर्मसंघ की मर्यादा, अनुशासन का ही प्रभाव है कि परसों गुरुवर ने माधावरम्, चेन्नई चातुर्मास फरमाया और आज चेन्नई का श्रावक समाज दर्शन सेवा के लिए पहुंच गया। साध्वी मेरुप्रभा, साध्वी मंयकप्रभा, साध्वी दक्षप्रभा ने भी परिषद् को सम्बोधित किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथ माधावरम् ट्रस्ट प्रबंधन्यासी घीसूलाल बोहरा, तेयुप अध्यक्ष दिलीप गेलड़ा, सहमंत्री नवीन बोहरा, अणुव्रत समिति मंत्री स्वरूप चन्द दाँती ने चेन्नई समाज की ओर से अभिवन्दना करते हुए अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। विल्लुपुरम से सुशील सुराणा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।



# डॉ. दिलीप धींग ने न्यायमूर्ति टाटिया को भेंट किया साहित्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। शसुन जैन कॉलेज में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख डॉ. दिलीप धींग ने रविवार को यहां तेनामपेट स्थित कलैंजर अरंगम में झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं अ.भा. श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश टाटिया को अभुषा फाउंडेशन से प्रकाशित मूल्यात्मक अर्थशास्त्र पुस्तक भेंट की। डॉ. धींग ने याद दिलाया कि कुछ वर्ष पूर्व उन्होंने चेन्नई के स्वाध्याय भवन में एक कार्यक्रम में जैन दर्शन और अर्थशास्त्र जैसे विषयों पर लेखन की बात कही थी। इस पुस्तक को उनके उसी कथन का साकार रूप माना जा सकता है। भगवान महावीर के सिद्धांतों के पालन से अर्थव्यवस्था को अधिक टिकाऊ और फलप्रद बनाया जा सकता है।

टाटिया ने डॉ. धींग की साहित्य-साधना की बहुत सराहना की। उन्होंने कहा कि प्राचीन जैन ग्रंथों में न्याय प्रणाली के विषय में भी आश्चर्यजनक जानकारी मिलती है। इस अवसर पर रत्न संघ के पूर्व राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष गौतमचंद हुंडीवाल, अ.भा. जैन रत्न आध्यात्मिक शिक्षण बोर्ड के पूर्व संयोजक सुरेश बी. चोरड़िया, मांगीलाल चोरड़िया, गोतम लोढ़ा सहित समाज के अनेक महानुभाव उपस्थित थे।

## वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



आवडी स्थित रिटेन स्माइल्ज चेरिटेबल ट्रस्ट व महावीर इंटरनेशनल चेन्नई ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में हील्स हैंड्स परियोजना के तहत शुक्रवार को शेनॉयनगर स्थित ग्रेमाल्टे हॉस्पिटल में आयोजित एक समारोह में कुष्ठरोग समुदाय के 75 लोगों को किराना सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर कुष्ठ समुदाय को भोजन वितरित किया गया। रिटेन स्माइल्ज चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी राहुल बोहरा ने इस मौके पर कहा कि स्वयं को सुरक्षित रखने का सबसे अच्छा तरीका आपका आत्मविश्वास है। आपका आत्मविश्वास इतना मजबूत होना चाहिए कि आप अपने जीवन में कुछ भी हासिल कर सकें। रिटेन स्माइल्ज की ट्रस्टी रिद्धि बोहरा ने कहा कि एक जमाना था जब कुष्ठरोग को छुआछूत की बीमारी समझा जाता था। आज मेडिकल ट्रीटमेंट इतना व्यापक हो गया है कि सब लोग उनसे हिलमिल जाते हैं। मेडिकल ट्रीटमेंट की वजह से कुष्ठरोग पर नियंत्रण पाया जा चुका है। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल चेन्नई ट्रस्ट के अध्यक्ष एफसी जैन व देवेन्द्र संचेती उपस्थित थे।



# माँ दधिमती प्राकट्य महोत्सव मनाया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दधिमती सेवा धाम (श्री मद्रास दाहिमा ब्राह्मण महासभा ट्रस्ट बोर्ड के अन्तर्गत) के तत्वावधान में माँ दधिमती का प्राकट्य महोत्सव शनिवार के दिन दाहिमा भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सुबह माँ के दुग्धाभिषेक, पूजा अर्चना की गई। दोपहर में दधिमती महिला मंडल द्वारा दधिमती मंगल पाठ किया गया।

प्राकट्य महोत्सव के पर्व पर विशेष भजन संध्या प्रस्तुति में तेलंगाना निज़ामाबाद के सुनील दायमा और कुमारी अनिका ने भजनों की प्रस्तुति दी। सुनील एवं कुमारी अणिका का स्वागत न्यासी गण रघुनाथ हिंसोडिया व वेंकटेश दाहिमा सूँठवाल एवं लक्ष्मीनारायण काकड़ा के द्वारा किया गया। उन्होंने भक्तों अपनी सुमधुर वाणी से ऐसा समा बांधा सभी भक्त नाच उठे। इस वर्ष माँ के सवामणि का भोग के लिए काफ़ी लाभार्थियों ने भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

माँ दधिमती सेवा धाम के अध्यक्ष विनोद व्यास ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इसमें हैदराबाद, तिरुपुर, बेंगलूरु, कोयंबटूर से भी भक्तों ने भाग लिया। शिवपाल मिसर, नवरत्नमल व्यास, गोपाल व्यास, विनोद गोटेचा,ओमप्रकाश मिसर, मुकेश पलोड, जुगल व्यास आदि उपस्थित थे।





# जैनोलॉजी कोर्स की परीक्षा सम्पन्न हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा संचालित ऑल इण्डिया में जैनोलॉजी कोर्स की परीक्षा हुई। डॉ.सागरमल जैन और कुमारपाल वी शाह के मार्गदर्शन से यह जैनोलॉजी कोर्स तैयार किया गया हैं। चैन्नई में यह परीक्षा चूलै, वेपेरी, पुरुसवाल्कम, किल्पौक, नार्थ टाउन बिन्नी आदि कई केन्द्रों में हुई। इस कोर्स में करीब ऑल इंडिया से 240 केन्द्रों से अधिक, 32 हजार विद्यार्थियों एवं करीब 200-250 साधु-साध्वी ने भी अलग अलग केन्द्रों से कोर्स में जुड़े है। जैनोलॉजी कोर्स में चार अलग अलग कोर्स की परीक्षा होती है। इस जैनोलॉजी कोर्स में चार अलग अलग कोर्स की परीक्षा होती हैं।

डॉ. निर्मला जैन के निर्देशन से यह कोर्स हिंदुस्तान के कोने-कोने से हजारों लोग जुड़े है। इस कोर्स की परीक्षा प्रतिवर्ष फरवरी और जुलाई मास में होती हैं। इस पूरे कोर्स के पाठ्यक्रम ज़ूम क्लास के माध्यम से चेन्नई से लिया जा रहा है। परीक्षा के पूर्व प्रमुख क्षेत्रों में शिविर का भी आयोजन किया जाता हैं। यह जानकारी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. मनोज जैन ने दी।



# नाकोड़ा जैन युवक मंडल क्रिकेट टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। श्री नाकोड़ा जैन युवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रीमियर लीग (नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट) शनिवार को सदस्यों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 8 टीम व 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें नाकोड़ा युवक संघ के विकास धारीवाल की टीम विजेता एवं मुकेश छाजेड की टीम उप विजेता रही।

युवक संघ के अध्यक्ष विकास धारीवाल ने कहा कि सभी का जिन्होंने अपना सहयोग दिया, आभार व्यक्त किया। क्रिकेट प्रेमी दर्शकों का भी आगमन रहा जिससे क्रिकेट टूर्नामेंट में चार-चांद लगाएं। संघ द्वारा विशेष कर महावीरचंद हेमंतकुमार बाफना का अभिनंदन किया। जिन्होंने इस संपूर्ण टूर्नामेंट के लाभार्थी बनकर युवक मंडल के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# तेलंगाना विधानसभा में अनुपस्थिति के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने क्षतिग्रस्त मेडीगड्डा बैराज के दौरे को लेकर राज्य सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव की टिप्पणियों पर बुधवार को आपत्ति जताई। रेड्डी ने तेलंगाना विधानसभा के जारी सत्र में अनुपस्थित रहने और सदन में सिंचाई के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेने के बजाए नलगोंडा में बीआरएस की एक सभा में शामिल होने के लिए विपक्ष के नेता की आलोचना भी की। तेलंगाना विधानसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने नलगोंडा में एक जनसभा के दौरान मंगलवार को राव द्वारा की गई टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। राव ने सभा के दौरान कथित तौर पर यह पूछा था कि मुख्यमंत्री और अन्य लोगों ने मेडीगड्डा बैराज का दौरा क्यों किया?



# आचार्य विद्यासागर के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जाने-माने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। तीर्थ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'सल्लेखना' एक जैन धार्मिक प्रथा है जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि के लिए स्वैच्छिक आमरण उपवास किया जाता है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.